डाक रजि.संख्या- VSI(W)-52/2013-14 ■ आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2013/53226

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

अखबार नहीं आंदोलन है

# भारत एकता टाइम्स

वाराणसी, बुधवार, 16 सितम्बर 2026
वर्ष-14, अंक-82 पृष्ठ -8 व मूल्यः रु. 1.00
व वितरण व्ययः रु. 1.00

वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, लखनऊ, पटना, नयी दिल्ली, मुम्बई से प्रसारित



4 एक स्वास्थ्य-एक भविष्य : स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद

www.betsamachar.com

श्री चरणी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की 5

# यूपीआई फीस पर उबाल

## 2000 से अधिक पेमेंट पर फीस

**नोटिफिकेशन**

**हर ट्रांजैक्शन पर करीब 300 रुपए तक मैक्सिमम चार्ज देना होगा**



**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

यूपीआई से 2,000 से ज्यादा पेमेंट पर 0.4% चार्ज लगेगा। हर ट्रांजैक्शन पर करीब 300 रुपए तक मैक्सिमम चार्ज देना होगा। यह अमाउंट अलग-अलग ट्रांजैक्शन पर निर्भर करेगा। नया नियम 15 अक्टूबर से लागू हो जाएगा। हालांकि 2,000 तक पेमेंट करने पर ग्राहक से किसी तरह की फीस नहीं ली जाएगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर यह स्थिति साफ कर दी थी। रुपे डेबिट कार्ड से होने वाले पेमेंट को भी इस छूट में शामिल किया गया है। यूपीआई से 2000 तक पेमेंट करने पर ग्राहक से किसी तरह की फीस नहीं ली जा सकती। **(शेष पृष्ठ 6 पर)**

## पीएम मोदी से राहुल गांधी का सवाल

**निशाना**

**कहा-ट्रंप को खुश करने के लिए डिजिटल पेमेंट का रास्ता खोलने की कोशिश**



**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि यूपीआई लेनदेन पर शुल्क मामले में 'कॉम्प्रोमाइज्ड' (समझौता कर चुके) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यापार समझौते की तरह इस मामले में भी अमेरिका के सामने समर्पण कर दिया है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने चुपचाप यूपीआई पर फीस लगाने का रास्ता खोल दिया है। कांग्रेस ने यह भी पूछा कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को "खुश करने" के लिए अमेरिकी कंपनियों के वास्ते **(शेष पृष्ठ 6 पर)**

### कारोबारी संगठन सीटीआई का विरोध

सरकार की ओर से यूपीआई पर 2000 रुपये से ऊपर के ट्रांजैक्शन पर एमडीआर का रास्ता खोले जाने का चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) विरोध किया है। सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि 2000 रुपये से ज्यादा की यूपीआई पेमेंट पर किसी भी तरह का शुल्क नहीं लगना चाहिए। हम इसका पूरी तरह से विरोध करते हैं।

### बैकडोर से कस्टमर पर ही बढ़ेगा लोड

सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि सरकार कह रही है कि शुल्क ग्राहक से नहीं मर्चेंट से लिया जाएगा लेकिन हकीकत यह कि दुकानदार पैसे घुमा-फिराकर ग्राहक से ही वसूलेगा। 2000 रुपये का सामान खरीदने पर यदि दुकानदार को 1 परसेंट भी एमडीआर देना पड़ा तो 20 रुपये का नुकसान होगा। वह या तो ग्राहक से कैश मांगेगा या सामान महंगा करेगा।

### अश्नीर ग्रोवर बोले-यूपीआई को टाटा, बाय-बाय कह दीजिए

भारतपे के पूर्व को-फाउंडर अश्नीर ग्रोवर ने सरकार के फैसले की जमकर आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी शुल्क असल में टैक्स वसूलने जैसा होगा। अश्नीर ग्रोवर ने कहा कि यूपीआई पर चार्ज लगाने से ग्राहक और व्यापारी वापस कैश की ओर जा सकते हैं, जिससे आखिरकार बैंकों और **(शेष पृष्ठ 6 पर)**

## यूपी चुनाव से पहले किसानों को सौगात

**कैबिनेट बैठक**

**6% ब्याज पर लोन का प्रस्ताव योगी कैबिनेट से मंजूर**



**लखनऊ/ जीएनएस न्यूज**

योगी सरकार ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात दी है। मंगलवार शाम हुई बैठक में कैबिनेट ने किसानों को 6 फीसदी वार्षिक ब्याज पर 6 लाख रुपये तक का दीर्घकालिक कर्ज देने की योजना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सरकार की इस पहल से यूपी के किसान जहां भारी ब्याज दरों से छुटकारा पाएंगे वहीं सस्ते ब्याज पर लोन पा सकेंगे। इस योजना से किसानों को बड़ा फायदा होगा।

योगी कैबिनेट से पास प्रस्ताव के मुताबिक यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक से किसानों को छह लाख रुपए तक का लोन सिर्फ 6 फीसदी वार्षिक ब्याज दर पर मिलेगा। 5 प्रतिशत ब्याज सरकार वहन करेगी। लघु और सीमांत किसानों को ब्याज में पांच प्रतिशत ब्याज में छूट दी जा रही है। इससे सरकार पर करीब 38.4 करोड़ का भार आएगा। कैबिनेट के इस फैसले से किसानों को भारी ब्याज दरों से छुटकारा मिलेगा जो पहले 11.5 प्रतिशत तक थी। किसानों को सस्ते लोन का ऐलान सीएम योगी ने कुछ महीने पहले किया था।

बता दें कई बार मंहगी ब्याज दरों के चलते किसानों को भारी आर्थिक बोझ झेलना पड़ता है। इसके चलते किसान को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मौसम की मार और प्राकृतिक आपदाओं से फसल खराब होने पर कई बार मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। ऐसे हालात में योगी सरकार की यह योजना किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है। किसानों को सस्ते ब्याज पर लोन का ये लाभ मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत मिलेगा। नई व्यवस्था से लघु और सीमांत किसानों का आर्थिक बोझ काफी कम हो सकेगा। उन्हें अधिक ब्याज नहीं चुकाना पड़ेगा।

### पीआरडी जवानों का मानदेय बढ़ा, कैशलेस इलाज

कैबिनेट बैठक में जिन 23 प्रस्तावों पर मुहर लगी है उनमें से एक महत्वपूर्ण फैसला पीआरडी जवानों का मानदेय बढ़ाया जाना भी है। प्रदेश के करीब 40 हजार पीआरडी जवानों के मानदेय में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव पर योगी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इसके साथ ही जवानों को 5 लाख रुपए तक के कैशलेस इलाज की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ योगी कैबिनेट की बैठक में कोटेदारों के मार्जिन में बढ़ोत्तरी से जुड़ा फैसला भी लिया गया। कैबिनेट ने नई खिलौनरा प्रोत्साहन नीति को भी हरी झंडी दी है।

### कैबिनेट ने इन प्रस्तावों को भी दी मंजूरी

कोटेदारों के मार्जिन में बढ़ोत्तरी, नई खिलौना नीति को मंजूरी देने के साथ ही अयोध्या में एनएसजी के रीजनल सेंटर के लिए 65 एकड़ जमीन देने के प्रस्ताव को भी योगी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। अलीगढ़ में साईं ग्लोबल यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए एलओआई जारी हुआ। मथुरा के छाता में 200 करोड़ रुपये की लागत से इथेनॉल प्लांट बनेगा। इसकी वार्षिक क्षमता 3.96 करोड़ लीटर होगी। परियोजना से रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है।

## स्वतंत्र भारद्वाज को मिली 3 हफ्ते की अंतरिम जमानत

**जंतर मंतर हिंसा**

**प्रदर्शनकारी निशु के पिता पर है हमले का आरोप**



**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

पटियाला हाउस कोर्ट ने जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई मारपीट के मामले में आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी है।

भारद्वाज को निशु आजाद के पिता पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह घटना दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा किए जा रहे एक विरोध प्रदर्शन के दौरान घटी थी। प्रदर्शन के दौरान हालात बेकाबू हो गए और वहां हंगामा शुरू हो गया। इस हंगामे के बीच निशु आजाद के पिता के साथ कथित तौर पर गंभीर मारपीट की गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्वतंत्र भारद्वाज को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान पटियाला हाउस कोर्ट ने बचाव पक्ष की दलीलों को संज्ञान में लिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद, अदालत ने आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को फौरी राहत देते हुए तीन हफ्ते की अंतरिम जमानत मंजूर कर ली है। पुलिस इस मामले की आगे की जांच कर रही है। अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद अदालत इस मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही और निर्देश तय करेगी।

## पीएम मोदी बुरे तानाशाह-शहजाद

**हृदय परिवर्तन**

**पूनावाला ने प्रधानमंत्री से मांग लिया इस्तीफा**



**पार्टी छोड़ दिया है भाजपा मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

शहजाद पूनावाला ने भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद अब उन्होंने एक पॉडकास्ट में कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी है। शहजाद पूनावाला ने भाजपा छोड़ने की वजह से लेकर अपनी आगे की जर्नी सहित कई सवालों के जवाब दिए। पॉडकास्ट में शहजाद पूनावाला ने कॉकरोच जनता पार्टी और पेपर लीक आंदोलन को हैंडल करने के भाजपा के तरीके को लेकर भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को एक बुरा तानाशाह बताते हुए इस्तीफे की मांग भी कर दी।


वरिष्ठ पत्रकार बरखा दत्त के साथ इनसाइड आउट पॉडकास्ट में शहजाद पूनावाला ने कहा कि उन्होंने भाजपा छोड़ दी है और वे जो चाहे बोल सकते हैं, भाजपा उनका बाल भी बांका नहीं कर सकती, लेकिन अब भी वे कहेंगे कि भाजपा अन्य पार्टियों के मुकाबले अब भी सबसे बेहतर है। हाल ही में नीट पेपर लीक को लेकर हुए आंदोलन के दौरान भाजपा की ओर से देर से मिले रिस्पॉस का जिक्र किए जाने पर शहजाद पूनावाला ने कहा कि भाजपा एक विशाल टीम है और इसीलिए निर्णय लेने में कभी कभी देर हो सकती है।

शहजाद पूनावाला ने कहा, भाजपा और मोदी जी मैं एक नाकामी बताता हूं। वे एक बहुत बुरे तानाशाह हैं। मैं उन्हें इसमें 100 में से 0 नंबर देता हूं। मैंने मोदी जी से कहा कि आप इस्तीफा दे दो। आप फेलियर हो। ना उन्होंने इंदिरा गांधी की तरह इमरजेंसी लगाई, ना अन्ना हजारे जैसे आंदोलनकारियों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का केस चलाया, ना उन्होंने राहुल गांधी के पिता की तरह मीडिया को सप्रेस करने की कोशिश की, ना सोनिया गांधी की तरह किताबें बैन कराया। पॉडकास्ट में जब उनसे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जुड़े सवाल पूछे गए तब शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने आप में कुछ सुधार जरूर किए हैं लेकिन उतना नहीं जितना जरूरी है। राहुल गांधी **(शेष पृष्ठ 6 पर)**

## बंगाल सरकार को बुलडोजर चलवाना पड़ा महंगा, लगा दंड

**आदेश**

**कोर्ट ने कहा-पूरी बिल्डिंग बनाओ-10 लाख भी दो**



**कोलकाता/ जीएनएस न्यूज**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सरकारी जमीन से कथित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान दो मंजिला व्यावसायिक इमारत को गिराए जाने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने अधिकारियों को याचिकाकर्ताओं की इमारत दोबारा बनाने का आदेश दिया है। साथ ही नई इमारत तैयार होने तक प्रभावित लोगों को मुफ्त वैकल्पिक आवास देने और 10 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

जस्टिस पार्थ सारथी सेन ने कबिता मन्ना और एक अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि पूर्व मेदिनीपुर में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के दौरान उनकी व्यावसायिक इमारत भी गिरा दी गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 8 सितंबर को दिए अपने आदेश में हाईकोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर यह निष्कर्ष निकालने में कोई परेशानी नहीं है कि अधिकारियों ने याचिकाकर्ताओं के निर्माण को तोड़कर अपनी सीमा से आगे कार्रवाई की। कोर्ट के मुताबिक याचिकाकर्ताओं की संपत्ति को बिना किसी वैध अधिकार के गिराया गया।

## संक्षेप

### रक्षा क्षेत्र में एमएसएमई और स्टार्टअप के लिए आसान होगी राह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम 'एमएसएमई' और नई तकनीक पर काम कर रहे स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाने के लिए मंगलवार को कई नई पहल शुरू की जिनमें इन्हें सीधे आर्थिक मदद, प्रशिक्षण और अनुसंधान सहयोग के साथ रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की परीक्षण सुविधाओं तक विशेष पहुंच मिलेगी। रक्षा मंत्री ने सोमवार को यहां डीआरडीओ-उद्योग समन्वय बैठक 'विमर्श' में इन पहलों का शुभारंभ किया। इस दौरान डीआरडीओ की ओर से विकसित सॉफ्टवेयर के स्रोत कोड को लाइसेंस प्राप्त उद्योगों के साथ साझा करने के लिए सुरक्षित और एक समान व्यवस्था भी शुरू की गई।

### राजपाल यादव को सुप्रीम कोर्ट ने दिया आखिरी मौका

**नई दिल्ली।** चेक बाउंस के कई मामलों में सजा काट रहे एक्टर राजपाल यादव को सुप्रीम कोर्ट ने बकाया रकम चुकाने के लिए 2 हफ्ते की आखिरी मोहलत दी है। कोर्ट ने उन्हें भुगतान के लिए ठोस प्रस्ताव पेश करने और 2 करोड़ रुपये सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने उनकी सरेंडर करने से मिली छूट को 5 अक्टूबर तक बढ़ा दिया। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि पहले दिए गए आदेशों का पालन नहीं हुआ है और अभिनेता का रवैया भरोसा पैदा नहीं करता।

### सात साल से कम सजा के अपराध में गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट सख्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सात साल से कम सजा वाले अपराध में सुप्रीम कोर्ट के अर्नेश कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार मामले में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन किए बिना आरोपी को गिरफ्तार करने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मामले में आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करते हुए चार पुलिस अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए तलब किया है।

## कैबिनेट सहयोगी संजय निषाद के बयान से भाजपा असहज

**बयान की बात**

**नेता विपक्ष से मिलने के बाद बदलने लगे तेवर**



**लखनऊ/ जीएनएस न्यूज**

उत्तर प्रदेश में अगले साल यानी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं और राजनीतिक दलों ने अपने-अपने दांव आजमाने शुरू कर दिए हैं। इस बीच योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ.संजय निषाद ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय से मुलाकात की। हालांकि इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है लेकिन इसे और इसके बाद आए डॉ.संजय निषाद के बयान को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। संजय निषाद ने कहा है कि सपा ने दरवाजा बंद किया था तो वह भाजपा के साथ गए थे। यदि भाजपा दरवाजा बंद करेगी तो विचार करेंगे।

इस बयान के बाद भाजपा असहज नजर आ रही है। डॉ.संजय निषाद ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में माता प्रसाद पांडे के साथ तस्वीरें साझा करते हुए एक लाइन में मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि लखनऊ में नेता **(शेष पृष्ठ 6 पर)**

## राम मंदिर में नई लक्ष्मण रेखा

**सख्ती के संकेत**

**अंदर की बात बाहर गई तो कार्रवाई तय, पुजारियों पर भी शिकंजा**

**अयोध्या/ जीएनएस न्यूज**

राम मंदिर परिसर में अब आंतरिक सूचनाओं के लीक होने पर पूरी तरह अंकुश लगाने की तैयारी है। मंदिर की व्यवस्था में बदलाव के साथ ट्रस्ट ने कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों और पुजारियों तक को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परिसर के भीतर होने वाली गतिविधियों, व्यवस्थाओं और निर्णयों की जानकारी अनधिकृत रूप से बाहर नहीं जानी चाहिए। इसे लेकर अब मंदिर प्रशासन का रुख पहले से कहीं ज्यादा सख्त नजर आ रहा है। ट्रस्ट की ओर से नई व्यवस्था में सूचना की गोपनीयता को प्राथमिकता दी गई है।

परिसर में तैनात कर्मचारियों को साफ तौर पर हिदायत दी गई है कि मंदिर के भीतर क्या हो रहा है, कौन सा निर्णय लिया गया, किस स्तर पर क्या व्यवस्था चल रही है या प्रशासनिक स्तर पर क्या बदलाव किए जा रहे हैं, इसकी जानकारी बाहर साझा न की जाए। खासतौर पर ऐसी सूचनाएं जो मंदिर की आंतरिक व्यवस्था से जुड़ी हैं, उन्हें सार्वजनिक करने से बचने को कहा गया है।

नई व्यवस्था के बाद राम मंदिर परिसर में 'जो अंदर है, वह बाहर नहीं जाएगा' के सिद्धांत पर निगरानी और अनुशासन को मजबूत किया जा रहा है। नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र को भी ट्रस्ट की ओर से परिसर की आंतरिक गतिविधियों की गोपनीयता बनाए रखने **(शेष पृष्ठ 6 पर)**

## सांसदों- विधायकों की सुरक्षा के लिए 800 सब मशीनगन खरीदेंगे

**एहतियात**

**योगी सरकार ने दी तीन स्नाइपर राइफल खरीदने की भी वित्तीय स्वीकृति**



**लखनऊ/ जीएनएस न्यूज**

यूपी में सांसदों और विधायकों की सुरक्षा में तैनात गनर जल्द नई सब-मशीनगन से लैस होंगे। शासन ने माननीयों के सुरक्षाकर्मियों को नए असलहे उपलब्ध कराने के लिए 5.59 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। गृह विभाग ने इसका आदेश जारी किया है।

जनप्रतिनिधियों के सुरक्षाकर्मियों के लिए नाइन एमएम की 800 सब-मशीनगन और 2.56 लाख कारतूस खरीदे जाएंगे। एक सब-मशीनगन की कीमत 60 हजार रुपये होगी। पुलिस मुख्यालय से शासन को भेजी गई एक रिपोर्ट के बाद अयोध्या के श्रीराम मंदिर सहित हाईकोर्ट, लोकभवन और मेट्रो स्टेशनों जैसे संवेदनशील स्थानों पर स्नाइपरों की तैनाती की जाएगी। शासन ने तीन स्नाइपर राइफल खरीदने की भी वित्तीय स्वीकृति दी है। एक रायफल की कीमत 10.76 लाख रुपये होगी। इसके अलावा पीएसी की नवगठित महिला वाहिनियों को स्वचालित असलहे दिए जाएंगे। पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत पीएसी की तीन महिला वाहिनियों के लिए 373 पिस्टल और 90 असाल्ट राइफल खरीदी जाएंगी।

## उपभोक्ता कानून के दायरे से डॉक्टरों को बाहर करने पर ब्रेक

### डॉक्टर-अस्पताल उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत मरीजों के प्रति जवाबदेह बने रहेंगे

**फैसला**

**सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की पीठ ने खारिज की सुधारात्मक याचिका**

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर और अस्पताल आगे भी उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत ही मरीजों के प्रति जवाबदेह रहेंगे। इस बारे में दायर एक सुधारात्मक याचिका को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने खारिज कर दिया। याचिका में 1995 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें चिकित्सा सेवाओं को उपभोक्ता संरक्षण कानून (सीपीए) के दायरे में लाया गया था।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पांच जजों की पीठ ने 9 सितंबर को याचिका खारिज करते हुए कहा, क्यूरेटिव याचिका पर




विचार करने के लिए तय किए गए नियमों के तहत कोई मामला नहीं बनता है। याचिका मेडिको लीगल सोसायटी ऑफ इंडिया के डॉ राजीव डी जोशी ने दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट का 1995 का ऐतिहासिक फैसला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बनाम वीपी शांता मामले में आया था जिसमें मरीज को उपभोक्ता मानते हुए मेडिकल सेवाओं में कमी होने पर उसे डॉक्टर और अस्पताल के खिलाफ उपभोक्ता अदालत जाने की अनुमति दी गई थी।

याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया गया था जिसमें शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कानूनी पेशेवरों (वकीलों) के खिलाफ सेवा में कमी के लिए उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई नहीं की जा सकती। इस फैसले के आधार पर क्यूरेटिव याचिका में 1995 के फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया था।

### वकीलों का हवाला देकर मांगी राहत

पीठ ने कहा, यह संदर्भ गैर-जरूरी था। वकीलों से जुड़ा पिछला फैसला खास तौर पर कानूनी पेशे से संबंधित था और उपभोक्ता संरक्षण कानून से वकीलों को बाहर रखने का मतलब यह नहीं है कि चिकित्सा पेशेवरों पर लागू कानून के मामले को फिर से खोलने की जरूरत है।

## राष्ट्र हित से न करें समझौता

**चेन्नई/ जीएनएस न्यूज**



**सलाह**

**वित्त मंत्री की जेन जी और जेन अल्फा से अपील**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को 'जेन जी' और 'जेन अल्फा' पीढ़ी से नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने और देश को सबसे ऊपर रखने का आह्वान किया। उन्होंने युवा स्नातकों से कहा कि वे यह पूछने के बजाय कि देश ने उनके लिए क्या किया है, इस पर विचार करें कि वे देश के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। यहां डॉ. एमजीआर एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि देश युवाओं की आकांक्षाओं को सुनने के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने युवाओं से जिम्मेदारी और नागरिक कर्तव्य की गहरी भावना के साथ आगे आने की अपील की। सीतारमण ने कहा, 'आप खुद को जेन जी कहें या जेन अल्फा, हम सभी आपकी बात सुनने के लिए तैयार हैं। लेकिन आपको अपने आसपास हो रही घटनाओं, अपनी भूमिका और इस बात पर विचार करना चाहिए कि आपके माध्यम से देश के लिए क्या हासिल किया जा सकता है।'

उन्होंने युवाओं से अपने-अपने क्षेत्रों में नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने और राष्ट्रीय हित से कभी समझौता नहीं करने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा, 'नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालिए। आपको नेतृत्व करना है और देश को सबसे ऊपर रखना है। देश सुरक्षित और मजबूत रहेगा, तभी हमारे पास रहने के लिए घर होगा। हमें अपने देश को कभी नहीं छोड़ना चाहिए।' उन्होंने मौजूदा वैश्विक संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि कई देशों में लोग अपने घर और अपनी मातृभूमि से विस्थापित हुए हैं।

# कौमी एकता की मिसाल तीन दिवसीय लतीफशाह मेला आज से

## काशी नरेश के समय शुरू हुई थी परंपरा, तीन दिन गूंजेगी लोक संस्कृति की स्वर लहरियां

- पहले दिन बाबा लतीफशाह की दरगाह पर जुटे लोग, शुरू होगा मेला

**भारत एकता टाइम्स/चकिया, चंदौली**

कर्मनाशा नदी के तट पर सोमवार को आस्था, संस्कृति और कौमी एकता का अनूठा संगम देखने को मिला। हरितालिका तीज के अवसर पर ऐतिहासिक बाबा लतीफशाह मेला बुधवार से शुरू होगा। करीब एक सदी से चली आ रही इस परंपरा में आज भी हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग मिल-जुलकर शामिल होते हैं। मजार और मंदिर की निकटता इस मेले को सामाजिक सद्भाव की अनूठी पहचान देती है। इतिहास के पन्नों में दर्ज इस मेले की शुरुआत तत्कालीन काशी नरेश महाराजा उदित नारायण सिंह के समय कराई गई थी। करीब 100 वर्ष पहले शुरू हुआ यह आयोजन बदलते समय के साथ भले ही कई रूपों में बदला हो, लेकिन इसकी मूल लोक परंपरा आज भी कायम है। पीढ़ियां बदल गईं, समय बदला, मगर कर्मनाशा के तट पर मेले की रौनक और लोगों की आस्था आज भी बरकरार है। मजार और मंदिर के बीच दिखती है गंगा-जमुनी तहजीबमेले की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थित बाबा लतीफ शाह की मजार और बाबा बनवारी दास के मंदिर का पास-पास होना है। दोनों धर्मस्थलों पर अलग-अलग समुदाय के लोग श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं। यही वजह है कि यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत उदाहरण बन चुका है। स्थानीय लोगों के अनुसार मेले का इंतजार क्षेत्र के ग्रामीणों को पूरे वर्ष रहता है। बुजुर्गों के साथ नई पीढ़ी भी इस परंपरा का हिस्सा बन रही है। यही निरंतरता इस आयोजन को केवल मेले तक सीमित न रखकर चकिया की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बनाती है।



### 17 को कजरी की स्वर लहरियों से गूंजेगा चकिया

तीन दिवसीय मेले के अंतिम दिन 17 सितंबर को भगवान श्रीकृष्ण की बरही के अवसर पर चकिया में विराट कजरी महोत्सव का आयोजन होगा। नगर पंचायत चकिया की ओर से आयोजित इस महोत्सव में लोक कलाकार कजरी गीतों के माध्यम से पूर्वांचल की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत करेंगे। कजरी मेले की करीब 113 वर्ष पुरानी परंपरा भी इस आयोजन के साथ आगे बढ़ेगी। वहीं 18 को मां काली जी के पोखरे पर विराट कुश्ती दंगल का आयोजन व्यापारियों द्वारा किया जायेगा।

# हर घर शाम सात बजे जलेगें दीप सेवा संकल्प अभियान की तैयारियां तेज

**भारत एकता टाइम्स/चंदौली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिले में 'सेवा संकल्प अभियान' को भव्य रूप देने की तैयारियां तेज हो गई हैं। अभियान की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। बैठक में राज्यसभा सदस्य साधना सिंह व दर्शना सिंह, मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल, चकिया विधायक कैलाश खरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह, जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने अभियान की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि अभियान के तहत जिले के सभी प्रमुख मंदिरों, स्थलों और मार्गों के साथ हर घर में दीपोत्सव कराया जाए। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर चिन्हित ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों में दिन के समय रक्तदान शिविर तथा दिव्यांग कल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शाम सात बजे केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से लाभान्वित परिवारों सहित जिले के लोग अपने-अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करेंगे।



# 10 हेक्टेयर वन भूमि कब्जामुक्त

- पुलिस व तहसील प्रशासन की टीम ने चलाया अभियान, अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

**भारत एकता टाइम्स/चकिया, चंदौली**

वन भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ वन विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। क्षेत्रीय वन अधिकारी चंद्रप्रभा अखिलेश दुबे के नेतृत्व में वन विभाग, पुलिस और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने शिकारगंज बीट के हथीनी ब्लॉक कक्ष संख्या-01 में अभियान चलाकर करीब 10 हेक्टेयर अतिक्रमित वन भूमि को कब्जामुक्त कराया। टीम ने अतिक्रमित भूमि पर उगाई गई फसलों को ट्रैक्टर से जोतकर भूमि को मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार चकिया के साथ चंद्रप्रभा, चकिया, नौगढ़, मझगाई और जयमोहनी रेंज के वनकर्मी, उड़नदस्ता दल तथा कोतवाली पुलिस टीम मौजूद रही। संयुक्त टीम की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई। वन विभाग के अनुसार चंद्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य की विभिन्न रेंजों में कई स्थानों पर वन भूमि पर अतिक्रमण कर झोपड़ी, पक्के निर्माण और खेती किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है। पूर्व में भी संयुक्त कार्रवाई के दौरान सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि को कब्जामुक्त कराया जा चुका है। कार्रवाई में नायब तहसीलदार चकिया , चंद्रप्रभा रेंजर अखिलेश दुबे, चकिया रेंजर अश्विनी चौबे, डिप्टी रेंजर आंनद दूबे, सहित संबंधित रेंजों के वनकर्मी और पुलिसकर्मी शामिल रहे।



# थानों में रजिस्टर अधूरे मिले तो तय होगी जिम्मेदारी, एसपी ने दिए सख्त निर्देश

**भारत एकता टाइम्स/चंदौली**

थानों की अभिलेखीय व्यवस्था में लापरवाही अब भारी पड़ेगी। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने मंगलवार को जिले के सभी थानों के हेड मोहर्रिर और मुंशियों के साथ बैठक कर अभिलेखों और रजिस्टरों को दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी रजिस्टर में प्रविष्टि लंबित नहीं रहनी चाहिए। अभिलेखों के रखरखाव में कमी मिलने पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक सदर अनंत चंद्रशेखर की मौजूदगी में हुई बैठक में एसपी ने थानों की कार्यालयीय कार्यप्रणाली की समीक्षा की। अपराध रजिस्टर, सामान्य दैनिकी (जीडी), मालखाना रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, शिकायत एवं प्रार्थना पत्र तथा सम्मन-वारंटी रजिस्टर समेत अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों को निर्धारित प्रारूप में नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। एसपी ने अपराधियों के चिन्हीकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि असामाजिक और आपराधिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। गुंडा अधिनियम के तहत भेजी जाने वाली रिपोर्ट में तथ्यों की पूरी जानकारी और कार्रवाई का ठोस आधार होना चाहिए। रिपोर्ट की गुणवत्ता में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि थाना कार्यालय में रखे जाने वाले अभिलेख पुलिस की कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण आधार हैं। इनकी प्रविष्टियां समयबद्ध तरीके से की जाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी रिकॉर्ड तत्काल उपलब्ध कराया जा सके। थानों में प्राप्त सूचनाओं, अभियोगों, प्रार्थना पत्रों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का भी रिकॉर्ड समय से दर्ज किया जाए। एसपी ने सभी हेड मोहर्रिर और मुंशियों को अपने-अपने थानों के रजिस्टरों का नियमित निरीक्षण करने तथा लंबित प्रविष्टियों को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना कार्यालय की व्यवस्था पारदर्शी, व्यवस्थित और अभिलेखीय रूप से मजबूत होनी चाहिए। निर्देशों के अनुपालन में किसी भी स्तर पर शिथिलता मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. रत्नप्पा कुम्भार के संघर्ष और विचारों को किया याद

- स्वतंत्रता, संविधान और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को बताया प्रेरणास्रोत

**भारत एकता टाइम्स/चंदौली**

देश की आजादी, संविधान और सामाजिक न्याय के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. रत्नप्पा भारमप्पा कुम्भार की स्मृति में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके संघर्ष, विचारों और समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि अरुण प्रजापति, कुसुम देवी प्रजापति एवं डॉ. लक्ष्मण प्रसाद रहे। कार्यक्रम में चंदौली सांसद वीरेंद्र सिंह की विशेष गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, विधायक प्रभुनारायण यादव, पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू, जिला महासचिव नफीस अहमद समेत पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में सम्मानित लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. रत्नप्पा कुम्भार का जीवन देश की स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और सामाजिक न्याय के लिए किए गए संघर्ष की प्रेरणादायी गाथा है। उन्होंने समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के अधिकारों तथा समानता के लिए निरंतर आवाज उठाई। उनके विचार आज भी समाज को न्याय, समानता और भाईचारे की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।



### राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट संचालन पर नराकास चंदौली को 'प्रशंसनीय' पुरस्कार

**चंदौली।** राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग के लिए गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), चंदौली को 'प्रशंसनीय' पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह सम्मान समिति से संबद्ध कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए दिया गया है। नराकास की ओर से नियमित रूप से हिंदी कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के साथ ही कर्मचारियों को राजभाषा के प्रति जागरूक किया जाता है। नराकास चंदौली के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान समिति से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समिति के सदस्य सचिव अमित दीक्षित ने गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि हिंदी के प्रति जिम्मेदारी को और बढ़ाती है।



# नमो मैराथन में सोनभद्र के युवाओं ने दिखाया दम

- बालक वर्ग में मुकेश और बालिका वर्ग में सुमन पटेल रहीं अव्वल

**भारत एकता टाइम्स/सोनभद्र**

जन कल्याण सेवा समिति की ओर से आयोजित नमो मैराथन में जिले के युवाओं ने उत्साह और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में 418 और बालिका वर्ग में 215 प्रतिभागियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता और भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष डा. धर्मवीर तिवारी ने किया। बालक वर्ग में मुकेश प्रथम, विनोद चैहान द्वितीय और विक्रम सिंह तृतीय रहे। वहीं बालिका वर्ग में सुमन पटेल प्रथम, खुशबू पाल द्वितीय और आकांक्षा यादव तृतीय स्थान पर रहीं। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 21 हजार, द्वितीय को 11 हजार और तृतीय को 5100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। दोनों वर्गों के 21 अन्य प्रतिभागियों को 1100 रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र दिए गए। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि नमो मैराथन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया के विचार पर आधारित है। इसका उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ और फिट रखने के साथ उन्हें देश के विकास में सहभागी बनाना है। राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि लगातार दूसरे वर्ष आयोजित मैराथन से युवाओं में खेल और दौड़ के प्रति जागरूकता बढ़ी है। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता और जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल के प्रति आकर्षण बढ़ाने के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करती हैं।




# ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

**भारत एकता टाइम्स/म्योरपुर,सोनभद्र**

पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर रनटोला गांव के समीप मंगलवार की दोपहर ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वह म्योरपुर के बलियरी गांव से रेणुकूट ड्यूटी करने के लिए जा रहा था। म्योरपुर थाना क्षेत्र के बलियरी गांव निवासी 30 वर्षीय रमेश पुत्र जवाहर मंगलवार को बी शिफ्ट की ड्यूटी करने के लिए बाइक से बलियरी से रेणुकूट की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग ढाई बजे जैसे ही वह पिपरी थाना क्षेत्र के रनटोला गांव के आरवाई सिंह घाटी की पुलिया के समीप मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर पहुंचा, इसी दौरान वह एक ट्रेलर से पास लेने का प्रयास करने लगा। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर लगने से रमेश सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान उसी दिशा में जा रहे ट्रेलर के पहिए के नीचे आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। दुर्घटना के कारण मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई और जाम लग गया। सूचना पर रेणुकूट चैकी पुलिस तथा यातायात पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था को संभालते हुए शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए हिंडाल्को अस्पताल स्थित मर्चरी हाउस पहुंचा दिया। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच करने के साथ ही आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# जागरूकता आगजनी से बचाव का सशक्त माध्यमः तरुण दत्त

- सीआईएसएफ अग्निशमन दल ने छात्र-छात्राओं को दिया आग पर नियंत्रण का प्रशिक्षण

**भारत एकता टाइम्स/शक्तिनगर,सोनभद्र**

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम और सीआईएसएफ शक्तिनगर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट तरुण दत्त ने कहा कि जागरूकता और सतर्कता आगजनी से बचाव का सशक्त माध्यम है। उन्होंने दीपावली के मद्देनजर छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों से आग से बचाव के प्रति विशेष रूप से सतर्क रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर फायर अजीत आनंद और सब इंस्पेक्टर फायर पवन मद्धेशिया ने अग्निशमन उपकरणों के माध्यम से आग पर नियंत्रण का डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और आग लगने की स्थिति में बचाव के व्यावहारिक तरीके सीखे। परिसर प्रभारी डा. प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि आए दिन आगजनी की घटनाओं में जान-माल का नुकसान होता है। ऐसे में अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण बेहद उपयोगी और जरूरी है। कार्यक्रम सीआईएसएफ के उप कमांडेंट अरविंद कुमार के निर्देशन में आयोजित हुआ। संचालन एनएसएस इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छोटे लाल प्रसाद ने किया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर के प्राध्यापक डा. विनोद कुमार पाण्डेय, डा. मानिक चंद पाण्डेय, डा. प्रभाकर लाल, प्रशांत कुमार विश्वकर्मा, डा. आनंद प्रिया सिंह, डॉ. ओम प्रकाश यादव, डॉ. रजनीकांत समेत अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# सेवा संकल्प अभियान को जनसेवा का आंदोलन बनाने पर जोर

- कल से 17 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पोषण और रोजगार पर रहेगा फोकस

**भारत एकता टाइम्स/सोनभद्र**

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ प्रभावी और परिणामपरक बनाने को लेकर मंगलवार को प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अभियान केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव से शहर तक जनसेवा और जनकल्याण का प्रभाव दिखाई देना चाहिए। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान रक्तदान, दिव्यांगजन कल्याण शिविर, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा-युवा संवाद, रोजगार व आजीविका तथा जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इनमें युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों और लाभार्थियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की सफलता की कहानियों को डिजिटल माध्यम से भी प्रचारित करने के निर्देश दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कहा कि अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं और आमजन की सक्रिय सहभागिता जरूरी है। वहीं जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित कार्यक्रम महज औपचारिकता न बनें, बल्कि उनका सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को समय से तैयारियां पूरी करने और विभागों में बेहतर समन्वय के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने अभियान की विभागवार कार्ययोजना, निर्धारित तिथियों और नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत, विकासखंड और जनपद स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता, रोजगार, युवा सहभागिता और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में एमएलसी विनीत कुमार सिंह समेत जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षकों को भाषा शिक्षण के प्रभावी तरीकों का दिया प्रशिक्षण

**चकिया, चंदौली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र चकिया के प्रशिक्षण हाल में मंगलवार को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन तथा एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन शिक्षकों को भाषा शिक्षण के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में शिक्षकों को कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सैद्धांतिक के साथ व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाता एआरपी कविंद्र गौतम, चौधरी अजीत सिंह, रिजवान अली, संदीप मौर्य और अजय मौर्य ने भाषा संदर्शिका का उन्मुखीकरण कराया। इसके साथ ही भाषा शिक्षण में खुले छोर वाले प्रश्न, समझ के साथ पढ़ना, लेखन, आकलन तथा रेमेडियल शिक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस एनसीईआरटी की नव प्रकाशित पुस्तकों बीणा और गणित मेला का उन्मुखीकरण कराया गया। एफएलएन के विस्तार और निपुण लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर भी शिक्षकों से चर्चा की गई। चौथे दिन भाषा एवं कक्षा चार-पांच की संदर्शिकाओं के एकीकरण तथा गणित और भाषा की पाठ्यपुस्तकों पर आधारित शिक्षण पर चर्चा होगी। खंड शिक्षा अधिकारी अजीत पाल ने कहा कि प्रशिक्षण कक्षाओं में बच्चों के अधिगम को बेहतर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शिक्षक सक्रियता के साथ संदर्भदाताओं से सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करें और उसे विद्यालयों में बच्चों के शिक्षण में प्रयोग करें। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों की पठन-पाठन क्षमता में निश्चित रूप से विकास होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक गंभीरता और रुचि के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो सराहनीय है। प्रशिक्षण में रजनी जायसवाल, मोनिका पटेल, चंद्र किरण, नाजिश बानो, प्रसून श्रीवास्तव, अमित मौर्य, मीना वर्मा, बाबूलाल मौर्य, अशोक प्रजापति, पूनम यादव, विद्यानंद, आशुतोष सिंह, संध्या पटेल समेत सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षामित्र मौजूद रहे।

### सैकड़ों किसानों ने जुलूस निकालकर बुलंद की आवाज

**शहाबगंज , चंदौली।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्यव्यापी आह्वान पर मंगलवार को सैकड़ों किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर शहाबगंज कस्बे में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। किसान सभा के झंडे और बैनर लेकर किसान बाजार से होते हुए ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। यहां सभा के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया। जिला मंत्री लालचंद सिंह एडवोकेट और मंडल मंत्री नंदलाल व स्वामीनाथ के नेतृत्व में निकले जुलूस में किसानों ने अतिवृष्टि और बाढ़ से गिरे कच्चे मकानों के पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने की मांग की। जलभराव से बर्बाद फसलों के लिए 30 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा और बटाईदार किसानों को भी फसल क्षति का लाभ देने की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने महीनों से लंबित वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन तत्काल खातों में भेजने की मांग की। भूसी, भोड़सर, केरायगांव, जेगुरी, खखड़ा, रोहाखी, बरियारपुर लेहरा और हड़ौरा सहित क्षेत्र के गांवों की जर्जर सड़कों का निर्माण कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। सभा को जिला अध्यक्ष परमानंद, शंभूनाथ, महिला नेता लालमणि देवी, जयप्रकाश, बदरूद्दजा अंसारी, बड़ेलाल, छोटेलाल, जयनाथ, रामधर और रिंकू भारती आदि ने संबोधित किया।



### व्यापारियों की समस्याओं को लेकर एसपी से मिले जिलाध्यक्ष

चंदौली। व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि के नेतृत्व में मंगलवार को व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सकलडीहा क्षेत्र में व्यापारियों के साथ मारपीट, मुकदमे में कार्रवाई और कथित अवैध शराब व गांजा बिक्री का मुद्दा उठाते हुए प्रभावी कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष ने एसपी को बताया कि दो सितंबर को एक व्यापारी की दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की गई थी। मामले की जानकारी होने पर सकलडीहा व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा सेठ व्यापारियों के साथ थाने पहुंचे, जिसके बाद पीड़ित व्यापारी का मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि करीब एक सप्ताह बाद 10 सितंबर को विपक्षी पक्ष की ओर से तीन व्यापारियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करा दिया गया, जबकि नामजद दो व्यक्ति घटना के समय मौके पर मौजूद नहीं थे। इस कार्रवाई से व्यापारियों में नाराजगी है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सकलडीहा क्षेत्र में आधी रात और सुबह के समय शराब की बिक्री हो रही है। बस्ती और बाजार में गांजा की बिक्री किए जाने का भी आरोप लगाया। उनका कहना था कि इससे अराजक तत्वों का मनोबल बढ़ रहा है और व्यापारियों व आम लोगों से आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाजारों में व्यापारियों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आरोपितों के हौसले बढ़ रहे हैं। उन्होंने सकलडीहा इंस्पेक्टर की कार्यप्रणाली की जांच कर जवाबदेही तय करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इलिया के व्यापारी की समस्या के साथ चकिया और सैदूपुर क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याएं भी एसपी के सामने रखीं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि करीब पांच शिकायतों को लेकर व्यापारी एसपी से मिलने पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने व्यापारियों की समस्याएं सुनकर मामलों की जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों की जांच की जाएगी और गलत कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। प्रतिनिधिमंडल में राकेश मोदनवाल, अशोक केशरी, महमूद आलम, प्रदीप कुमार, कृष्णा सेठ, रत्नेश गुप्ता, ज्ञानप्रकाश सिंह, राजीव कुमार, अखिलेश कुमार, कमल सिंह और दयाराम जायसवाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।



### न्यायालय के वारंट पर दो महिलाएं गिरफ्तार

**सोनभद्र।** न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में जुगैल पुलिस ने मंगलवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, न्यायालय सोनभद्र से जारी वारंट मुकदमा संख्या 9720/20 में धारा 323, 504 व 506 भादवि से संबंधित सुमित्रा देवी और अन्य की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने ग्राम चतरवार स्थित उनके घर पर दबिश देकर सुमित्रा देवी पत्नी हरिनन्द लिया (55) और कुमारी मुनिया पुत्री हरिनन्द (32) को सुबह करीब आठ बजे गिरफ्तार कर लिया। दोनों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा, उपनिरीक्षक रामनयन यादव, महिला कांस्टेबल अंकिता सिंह और महिला कांस्टेबल सरिता सरोज शामिल रहीं।

### सुकृत और डाला में बनेंगे श्रमिक सुविधा केंद्र

**सोनभद्र।** काम की तलाश में सड़क किनारे और खुले स्थानों पर खड़े रहने वाले दिहाड़ी श्रमिकों को अब बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से जिले में दो स्थानों पर डॉ. भीमराव अंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्र (लेबर अड्डा) बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर सुकृत में 253 वर्ग मीटर और डाला बाजार के वार्ड नंबर चार में 200 वर्ग मीटर भूमि का चयन कर निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। दोनों केंद्रों के निर्माण पर तीन करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने का अनुमान है। श्रमिक सुविधा केंद्रों में सुरक्षित प्रतीक्षालय और छायादार शेड के साथ स्वच्छ पेयजल, पुरुष-महिला के लिए अलग-अलग शौचालय, बिजली, पंखे और मोबाइल चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां श्रमिकों के पंजीकरण की व्यवस्था भी रहेगी, जिससे उन्हें श्रम विभाग और भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं से जोड़ने में मदद मिलेगी।

### खटारा बसों में सफर यात्रियों पर पड़ रहा भारी

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज से मिर्जापुर के बीच संचालित रोडवेज बसों की खराब हालत यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। मंगलवार को मिर्जापुर डिपो की बस से सफर कर रहे यात्री प्रशांत दुबे समेत कई यात्रियों को खराब सीट और सस्पेंशन के कारण परेशानी झेलनी पड़ी। यात्रियों का कहना था कि बस का सस्पेंशन इतना खराब था कि सफर के दौरान झटकों से कमर में दर्द होने लगा।

गंगा का जलस्तर कम होने के बाद घाटों पर सिल्ट सफाई बनी चुनौती, मशीनों से सफाई की मांग

# श्रद्धालुओं की राह में सिल्ट व फिसलन, आवागमन प्रभावित

बाढ़ से दुश्वारी

✡ नगर निगम की टीम सफाई में जुटी, मोटी परत को हाथ से हटाने में लग रहा समय

भारत एकता टाइम्स/ वाराणसी

गंगा का जलस्तर धीरे-धीरे घटने के साथ ही काशी के घाटों पर जमा सिल्ट और मिट्टी अब बड़ी समस्या बनती जा रही है। जलस्तर में एक सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से घटाव दर्ज की गई। मंगलवार की रात्रि जलस्तर 68.28 मीटर दर्ज किया गया। जलस्तर कम होने के बाद कई घाटों की सीढ़ियों और आसपास के हिस्सों में मोटी परत जम गई है। कई स्थानों पर सिल्ट करीब तीन फीट तक बताई जा रही है। नगर निगम की टीम सफाई में जुटी है, लेकिन मोटी परत को हाथ से हटाने में समय लग रहा है। ऐसे में पंडा-तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय लोगों ने लोलार्क षष्ठी से पहले पंप और मशीनों की मदद से विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की है। घाटों पर मौजूद लोगों के अनुसार बाढ़ के दौरान गंगा के साथ आई मिट्टी और सिल्ट जलस्तर घटने के बाद सीढ़ियों पर जम गई है। सफाई कर्मी फिलहाल फावड़े आदि से मिट्टी हटाने में लगे हैं, लेकिन कई जगह सिल्ट इतनी मोटी है कि मैनुअल सफाई मुश्किल हो रही है। लोगों का कहना है कि जलस्तर कम होने के साथ ही यदि पंप और अन्य संसाधनों से सफाई शुरू कर दी जाए तो कम समय में बड़े क्षेत्र को साफ किया जा सकता है। **पंप से सफाई तेज कराने की मांग**- स्थानीय लोगों और पंडा-तीर्थ पुरोहितों ने नगर निगम और जिला प्रशासन से घाटों की सफाई को प्राथमिकता देने की मांग की है। जहां सिल्ट की परत अधिक मोटी है, वहां पंप और मशीनों का इस्तेमाल कर सफाई कराने की बात कही गई है। लोगों का कहना है कि लोलार्क षष्ठी से पहले घाटों को साफ और सुरक्षित कर दिया जाए।



**साफ जगह नहीं मिलने से श्रद्धालुओं की बढ़ी परेशानी**
काशी के घाटों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान के लिए पहुंचते हैं। सीढ़ियों पर जमी सिल्ट के कारण कई स्थानों पर फिसलन की स्थिति बनी हुई है। इससे घाटों पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। स्थानीय पंडा-तीर्थ पुरोहितों का कहना है कि घाटों पर केवल स्नान ही नहीं, बल्कि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं। ऐसे में साफ जगह नहीं मिलने से श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती है।

**17 सितंबर को लोलार्क षष्ठी**
17 सितंबर को लोलार्क षष्ठी का प्रमुख स्नान पर्व है। पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के काशी पहुंचने की संभावना है। लोलार्क कुंड के साथ गंगा घाटों पर भी स्नान और पूजा-अर्चना के लिए भीड़ जुटेगी। कई श्रद्धालु घाटों पर ही प्रसाद के लिए हलवा-पूड़ी और सब्जी तैयार करते हैं। ऐसे में घाटों पर जमी सिल्ट उनके लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन सकती है।

## लोलार्क-कुंड स्नान के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**वाराणसी।** सूर्य षष्ठी पर लोलार्क कुंड में स्नान को लेकर प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। वाराणसी ट्रैफिक पुलिस ने स्नान पर्व को लेकर 2 दिन की ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। जिसे हर रूट पर सख्ती से लागू किया जाएगा। एडीसीपी ट्रैफिक के अनुसार यह व्यवस्था 16 सितंबर दोपहर 12 बजे से 17 सितंबर रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगी। अस्सी क्षेत्र में भारी भीड़ को देखते हुए कई रास्तों पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। शव वाहन, बीमार व विकलांग व्यक्तियों के वाहन, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड को प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। ट्रैफिक पुलिस ने सभी से अपील की है कि पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग करें। बैंक ऑफ बड़ौदा से अस्सी चौराहा की तरफ कोई वाहन नहीं जाएगा। वाहन पद्मश्री चौराहा और रविदास गेट रोड डायवर्ट होंगे। नगवाँ चौराहा से रविदास पार्क और अस्सी घाट की तरफ वाहन प्रतिबंधित, ट्रामा सेंटर व रविदास गेट जाएंगे। पद्मश्री चौराहा से अस्सी चौराहा की तरफ नो एंट्री, वाहन ब्रॉडवे होटल और दुगाकुंड की तरफ डायवर्ट। शिवाला मोड़ से अस्सी चौराहा नो एंट्री, वाहन ब्रॉडवे तिराहा व पद्मश्री चौराहा की तरफ जाएंगे।

## बनारसी हैं तो बनारसी बने रहिए

बीएचयू

✡ अभिनेता संजय मिश्र ने सिखाए जिंदगी के गुर, अचिंत्य 6.0 का हुआ विमोचन

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



हिंदी दिवस के अवसर पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के महामना हाल में हिंदी प्रकाशन समिति द्वारा आयोजित हिंदी दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। खचाखच भरे हाल में विद्यार्थी, शिक्षक और साहित्य प्रेमी एकत्र हुए। मंच पर जब प्रख्यात अभिनेता संजय मिश्र पहुँचे तो तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गूँज उठा। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा अग्रवाल ने किया। विज्ञान संस्थान के डीन-डायरेक्टर ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इसी समारोह में पत्रिका अचिंत्य 6.0 का विमोचन भी संपन्न हुआ, जिसका शीर्षक क्षितिज के पार रहा। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि सम्मान और हिंदी भाषा के महत्व पर संक्षिप्त उद्बोधन से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि संजय मिश्र मंच पर आए। उन्होंने कहा, ह्रमैं एक्टर की लाइफ जीता हूँ। मुझे बनारस बहुत पसंद है। बनारस एक खूबसूरत सोच है। ये सिखाता है की जो आप हैं वही रहिए। बनारसी हैं तो बनारसी बने रहिए। यहाँ की गलियों में हम घूमे हैं गमछा पहन कर। उनके इन शब्दों पर हाल में तालियाँ गूँज उठीं। बनारस से उनका लगाव साफ झलक रहा था। उन्होंने शहर की गलियों, घाटों और आम जीवन की सादगी को अपनी कला से जोड़कर बात की। उन्होंने अपनी स्कूली यादें साझा करते हुए हँसी-मजाक के साथ कहा कि एक बार स्कूल आधे घंटे लेट पहुँचे क्योंकि रास्ते में समोसा खा रहे थे। टीचर ने पकड़ लिया तो उन्होंने कहा कि मम्मी बीमार हैं। टीचर ने आवेदन लिखने को कहा। उन्होंने 18 पेज लिख डाले, लेकिन ठीक से लिख नहीं पाए। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय की याद करते हुए, बताया कि वहाँ भारत का नक्शा बनाने में उनका भी हाथ रहा। ये छोटी-छोटी यादें उन्होंने विद्यार्थियों के सामने इस तरह रखीं कि मंच और दर्शक के बीच की दूरी खत्म हो गई। विद्यार्थियों ने खुलकर सवाल पूछे और संजय मिश्र ने बिना किसी बनावट के जवाब दिए।

## आटा चक्की पर पकड़ी गई चोरी, 4 पर एफआईआर

**बाबतपुर/वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 'हाई लॉस' फीडरों पर बिजली चोरी रोकने और राजस्व वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने कड़ा रुख अपना लिया है। मंगलवार को तरसड़ा विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जंगलपुर और कठीराव में उपखंड अधिकारी (एसडीओ) एन. एस. सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम ने सघन औचक छापेमारी की। इस कार्रवाई से इलाके के कटियामारों और लंबे समय से बिल दबाए बैठे बकाएदारों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान जंगलपुर गांव में मीटर बाईपास कर सीधे अवैध रूप से आटा चक्की संचालित होते हुए पकड़ी गई। विभाग ने बिजली चोरी और गंभीर वित्तीय अनियमितता के मामले में त्वरित दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 4 उपभोक्ताओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। इसके साथ ही, लंबे समय से बिल का भुगतान न करने वाले 8 बड़े बकाएदारों के बिजली कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। उपखंड अधिकारी एन. एस. सिंह ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली चोरी और अवैध उपभोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संस्कृत, संस्कृति और राष्ट्रसेवा की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प

121वीं जयंती

✡ ऋषि पंचमी पर पं. कमलापति त्रिपाठी का पुण्यस्मरण

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में विश्वविद्यालय के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं काशी के गौरव पुण्यश्लोक पं. कमलापति त्रिपाठी की 121वीं जयंती ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। योग साधना केन्द्र में आयोजित समारोह में उनके राष्ट्रसेवा, संस्कृत-संरक्षण, शिक्षा, संस्कृति एवं लोकमंगल से जुड़े बहुआयामी कृतित्व का स्मरण करते हुए उनकी सांस्कृतिक दृष्टि और अधूरे संकल्पों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति एवं प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. बिजेन्द्र सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने की। मुख्य अतिथि डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने पं. कमलापति त्रिपाठी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पं. कमलापति त्रिपाठी का जीवन राष्ट्र, समाज, शिक्षा और संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रेरक अध्याय है। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि दूरदर्शी राष्ट्रनिमार्ता, विचारशील लेखक, पत्रकार और भारतीय सांस्कृतिक चेतना के सजग प्रहरी थे। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर पं. कमलापति त्रिपाठी का स्मरण अपने आप में अत्यन्त सार्थक है। उन्होंने आधुनिक युग में भी ऋषि-परम्परा के अनुरूप साधना, त्याग, तपश्चर्या, चिंतन और लोकमंगल को अपने जीवन का आधार बनाया।

## कबड्डी टीम का चयन 20 और क्रॉस कंट्री टीम का चयन 25 सितम्बर को

**वाराणसी।** क्रीड़ा परिषद, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में विश्वविद्यालय परिसर की कबड्डी (महिला/पुरुष) टीम का चयन 20 सितम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से जिमनेजियम हॉल में होगा। वहीं, क्रॉस कंट्री (महिला/पुरुष) टीम का चयन 25 सितम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से क्रीड़ा परिषद में होगा। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की सचिव डॉ. ऊर्जस्विता सिंह ने बताया कि टीम में विश्वविद्यालय परिसर, एन.टी.पी.सी., गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसर के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। डॉ. ऊर्जस्विता सिंह ने बताया संस्थागत छात्र अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिता 2026-27 के लिए इलिजिबिलिटी प्रोफार्मा, हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र, इण्टरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र, फीस रसीद, आधार कार्ड, अपार आईडी की छाया प्रति, चार पासपोर्ट साइज फोटो के साथ कबड्डी (महिला/पुरुष) टीम के चयन के लिए क्रीड़ा परिषद में डॉ. अमरेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी-कबड्डी और क्रॉस कंट्री (महिला/पुरुष) टीम के लिए डॉ. राधेश्याम राय प्रभारी- क्रॉस कंट्री से सम्पर्क कर सकते हैं।

## उपलब्धि: राजभाषा के क्षेत्र में वाराणसी को राष्ट्रीय सम्मान

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी कार्यान्वयन के क्षेत्र में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), वाराणसी ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान अपने कार्यक्षेत्र में संघ की राजभाषा नीति के उल्लेखनीय कार्य-निष्पादन के लिए नराकास, वाराणसी को ह्यनराकास प्रोत्साहन सम्मानह्न के अंतर्गत ह्यप्रशंसनीयह्न श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह सम्मान 14 एवं 15 सितंबर 2026 को सिडको एग्जीबिशन सेंटर, नवी मुंबई (महाराष्ट्र) में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान दिनांक 15 सितंबर 2026 को प्रदान किया गया। नराकास, वाराणसी की ओर से बरेका के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्पादन एवं विपणन) राम जन्म चौबे ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र में नराकास, वाराणसी के अध्यक्ष एवं बनारस रेल इंजन कारखाना के महाप्रबंधक आशुतोष पंत के प्रयासों की विशेष सराहना की गई है। प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि समिति के अध्यक्ष आशुतोष पंत के प्रयासों से राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन में नराकास, वाराणसी ने उल्लेखनीय प्रगति की है। साथ ही, राजभाषा हिंदी के प्रति उनकी निष्ठा एवं कार्यकुशलता को सराहनीय और प्रेरणादायी बताया गया है।यह सम्मान वाराणसी में विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों के मध्य राजभाषा हिंदी के प्रयोग, प्रचार-प्रसार तथा राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए किए जा रहे समन्वित एवं सतत प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण मान्यता है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार

**वाराणसी।** सिगरा थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय युवती को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और पीड़िता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिगरा पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को अमूल डेयरी के पास से पकड़ा। पुलिस के अनुसार, पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज मौर्या (28) पुत्र प्रकाश मौर्या के रूप में हुई है। उसका स्थायी पता मंडुवाडीह क्षेत्र में है, जबकि वह वर्तमान में सिगरा थाना क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा नगर कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सिगरा थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 394/2026 में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वीए) के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।


## संक्षिप्त समाचार

### रामनगर में भाजपा विधायक ने की जनसुनवाई




**रामनगर/वाराणसी।** रामनगर में आयोजित नियमित जनसुनवाई में विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने क्षेत्र के कई दर्जन लोगों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर अनेक समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी रामनगर के अध्यक्ष मनजीत सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह लड्डू के नेतृत्व में समस्त गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी विधायक सौरभ श्रीवास्तव से मिले। कमेटी के सदस्यों ने गुरुद्वारे की भव्यता और सुंदरता को बढ़ाने के लिए यहां एक भव्य एवं वृहद मुख्य द्वार बनवाने का प्रस्ताव विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने गुरुद्वारा कमेटी के प्रस्ताव को सहमति प्रदान करते हुए आश्वासन दिया कि इस दिशा में जल्द आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। जनसुनवाई में मुख्य रूप से पिछले तीन महीनों से पेंशन रुकने की शिकायत लेकर पहुंचे लाभार्थियों की समस्या पर विधायक ने अधिकारियों से तत्काल वार्ता की।बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और अपनी विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं।

### आग से बचाव के लिए थानों पर मॉकड्रिल



**बाबतपुर/वाराणसी।** अग्निशमन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत पुलिसकर्मियों को आग से बचाव और आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए गए। पिंडरा अग्निशमन द्वितीय अधिकारी दीपचंद के नेतृत्व में दमकल विभाग की टीम बड़ागांव, सिंधोरा और चोलापुर थाने पहुंची। इस दौरान बड़ागांव थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, सिंधोरा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय और चोलापुर थाना प्रभारी साधुवन राम गौतम की मौजूदगी में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों को आग लगने के प्रमुख कारणों और प्राथमिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने मौके पर बाकायदा मॉकड्रिल कराकर अग्निशामक यंत्रों (फायर एक्सटिंग्विशर) के संचालन का सजीव प्रदर्शन किया। अग्निशमन द्वितीय अधिकारी दीपचंद ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, मंडी और गैस गोदाम जैसे संवेदनशील स्थानों पर लगातार मॉकड्रिल आयोजित की जा रही है। इस प्रशिक्षण के दौरान तीनों थानों के प्रभारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### प्रो. अभिषेक ने संभाला आईएमएस जिमखाना सचिव का पदभार



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव के बाद नए सचिव ने आधिकारिक तौर पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बाल रोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. अभिषेक अभिनय ने आईएमएस जिमखाना के नए सचिव के रूप में पदभार संभाला है। चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. एस.एन. संखवार के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना के तहत डॉ. अभिषेक अभिनय को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व यह पद एनेस्थीसियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेश मीणा संभाल रहे थे। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान निवर्तमान सचिव प्रो. राजेश मीणा के सफल कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया। पदभार ग्रहण के अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक और ख्यात न्यूरोलॉजिस्ट प्रोफेसर विजयनाथ मिश्र ने नए सचिव पर विश्वास जताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रो. अभिषेक अभिनय ग्राउंड स्तर पर खेल गतिविधियों का विस्तार करेंगे।

### स्कूटी योजना के लिए 1306 छात्राओं ने कराया पंजीकरण

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के लिए मंगलवार को भी छात्राओं का पंजीकरण किया गया। सहायक कुलसचिव एवं योजना के नोडल अधिकारी अरिन्दम श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक कुल 1306 छात्राओं ने पंजीकरण कराया, जबकि 1283 छात्राओं का आधार वेरिफिकेशन कार्य हुआ है। वहीं, 1306 छात्राओं पंजीकरण अप्रूव्ड हुआ है।

### विधि विभाग में पी-एच.डी. कोर्स वर्क की परीक्षा 29 से

**वाराणसी।** विधि विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में पी-एच.डी. कोर्स वर्क की परीक्षा 29 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक आयोजित है। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया कि परीक्षा अपराह्न 01 से 04 बजे तक होगी।

### पूल काउन्सिलिंग में 125 विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की पूल काउन्सिलिंग में मंगलवार को 125 विद्यार्थियों ने काउन्सिलिंग कराकर ऑनलाइन शुल्क जमा किया। प्रवेश सेल उप समन्वयक प्रो. नलिनी श्याम कामिल ने बताया कि 16 सितम्बर को बी.ए., बी.एफ.ए., बी.कॉम. (सभी पेड सीट) व बी.एस-सी. बायो (सेल्फ फाइनेंस) की काउन्सिलिंग शिक्षाशास्त्र संकाय भवन में होगी।

## बरेका मार्केट में चोरों का आतंक

अपराध

✡ एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों में चोरी, मचा हड़कंप

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



बरेका स्थित गुमटी मार्केट में मंगलवार को चोरों ने एक साथ कई प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। शुरूआती जांच में करीब 12 से 13 दुकानों में चोरी की पुष्टि हुई है, जबकि लगभग 25 दुकानों के पीछे लगे टिन शेड उखड़े मिले हैं। घटना की जानकारी होते ही व्यापारियों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोरों ने दुकानों के पीछे लगे टिन शेड को उठाकर अंदर दाखिल होने का रास्ता बनाया। इसके बाद कई प्रतिष्ठानों में रखे सामान को खंगाला गया। मौके पर पहुंचे एसीपी अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि शुरूआती तौर पर आठ से दस प्रतिष्ठानों में चोरी की आशंका सामने आई थी। हालांकि, दुकानदारों के पहुंचने और शिकायत दर्ज कराने के बाद चोरी प्रभावित प्रतिष्ठानों की संख्या बढ़कर 12 से 13 तक पहुंचने की जानकारी सामने आई है। चोरी गए सामान और उसकी कीमत का आकलन किया जा रहा है। बरेका व्यापार मंडल के संरक्षक अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि मार्केट में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उनके मुताबिक 12 और 13 सितंबर को भी तीन दुकानों में चोरी हुई थी और इसकी जानकारी प्रशासन को दी गई थी। इसके बावजूद घटनाओं पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी। व्यापार मंडल के अनुसार मंगलवार को करीब 25 दुकानों के टिन शेड उखड़े मिले। कई जगह सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के साथ भी छेड़छाड़ की गई। आरोप है कि कुछ कैमरों को कपड़े और गिलास से ढक दिया गया, ताकि चोरों की गतिविधियां रिकॉर्ड न हो सकें। इससे व्यापारियों ने वारदात के योजनाबद्ध होने की आशंका जताई है।

## हिन्दी विभाग में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न

**वाराणसी।** हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित 'भाषा, साहित्य, समाज और राजनीति पर वैश्विक चिंतन का प्रभाव' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी मंगलवार को सम्पन्न हुई। इस मौके पर प्रो. अनुराग कुमार ने कहा कि भाषा मरती नहीं है, मारी जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां सामाजिक-सांस्कृतिक स्वीकृति होती है, वहीं भाषा जीवंत रहती है; इसीलिए राष्ट्रभाषा न होकर भी हिन्दी अकादमिक और व्यावहारिक रूप से वैश्विक स्तर पर लगातार सशक्त हो रही है। डॉ. शिप्रा शिल्पी (जर्मनी) ने कहा कि भाषा केवल संवाद या बोली का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति की वास्तविक संवाहक होती है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि सर विलियम जोन्स द्वारा महाकवि कालिदास की रचनाओं के अनुवाद के समय से ही यूरोप का भारतीय भाषाओं और साहित्य से गहरा नाता रहा है। डॉ. ऋतु शर्मा (नीदरलैंड) ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय संस्कृति और भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए 'गिर्मिटिया मजदूर' इतिहास का ज़िक्र किया और बताया कि कैसे विदेशों में बसे भारतीय समाज ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी जड़ों, भाषा और संस्कृति को सहेज कर रखा है। अर्चना पैन्यूली (डेनमार्क) कहा कि 1980 के दशक से प्रवासी साहित्य ने हिन्दी सहित अन्य भारतीय भाषाओं पर गहरा प्रभाव डाला है, जिससे प्रवासियों की बढ़ती संख्या के साथ साहित्य का दायरा व्यापक हुआ है।

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: एडीसीपी नृपेन्द्र

समीक्षा बैठक

✡ अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन ने ली मुंशियों की बैठक भौतिक सत्यापन के निर्देश

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



**बाबतपुर।** जनसुनवाई और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर शिकायत का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण व निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश अपर पुलिस उपायुक्त (गोमती जोन) नृपेन्द्र ने मंगलवार को बाबतपुर स्थित कार्यालय में आयोजित समीक्षा गोष्ठी के दौरान दिए। गोष्ठी में गोमती जोन के सभी थानों व सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कार्यालयों में तैनात आईजीआरएस मुंशियों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में एसीपी पिण्डरा सहित जोन के सभी संबंधित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। अपर पुलिस उपायुक्त ने थानों पर लंबित और निस्तारित प्रार्थना-पत्रों की स्थिति का जायजा लेते हुए स्पष्ट किया कि निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ?प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन किया जाए और साक्ष्यों के आधार पर ही आख्या लगाई जाए। जिन मामलों में शिकायतकर्ताओं ने 'असंतुष्ट' फीडबैक दिया है, उनकी गहन समीक्षा कर दोबारा निष्पक्ष जांच कराई जाए। शिकायतकर्ता को मामले में की गई विधिक कार्रवाई की पूरी जानकारी अनिवार्य रूप से दी जाए। अपर पुलिस उपायुक्त ने कहा कि असंतुष्ट फीडबैक आने के कारणों का तकनीकी विश्लेषण किया जाए ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके। उन्होंने सभी मुंशियों व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित मॉनिटरिंग करें।

## 'सेवा संकल्प' अभियान के तहत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुलसचिव डॉ. सुनीता पाण्डेय ने बताया कि कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार ह्यसेवा संकल्पह्न अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकगण को नोडल अधिकारी, सह-नोडल अधिकारी, संयोजक, सह-संयोजक एवं सदस्य नामित किया गया है। कुलसचिव ने बताया कि अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम, जिसमें विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प का प्रतीक दीप प्रज्वलित करना और 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय पर कार्यक्रम, बुद्धिजीवियों का युवाओं से संवाद तथा ह्यविकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर संयुक्त रूप से होगी।

## दालमंडी प्रोजेक्ट में निर्माण कार्य शुरू

चौड़ीकरण परियोजना

✡ डाली जा रही गहरी सीवर लाइन, 9 अगस्त को विधायक ने किया था भूमि पूजन

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



दालमंडी प्रोजेक्ट में निर्माण कार्य अब शुरू हो गया है। 9 अगस्त को भूमि पूजा के बाद सबसे पहले गहरी सीवर लाइन का काम शुरू हो गया है। 15 फुट का गड्ढे को खोदने के बाद मिट्टी न धसे इलाके लिए लोहे की चादर लगाई जा रही है। पीडब्ल्यूडी इस प्रोजेक्ट की कार्यदायी संस्था है। संस्था के अनुसार एक महीने के अंदर सीवर का काम खत्म करवा लिया जाएगा। बता दें कि 650मीटर की दालमंडी गली को 215 करोड़ के बजट से चौड़ा किया जा रहा है। ताकि काशीवासियों और श्रद्धालुओं को एक चौड़ा रास्त विश्वनाथ धाम तक जाने के लिए मिल सके। दालमंडी में गहरी सीवर लाइन का काम शुरू हो गया है। चौक थाने की तरफ से पहला गड्ढा 14 फुट का खोदकर काम शुरू कर दिया गया है। जिसमें 24 इंच की पाइप डाली जाएगी। पहला गड्ढा खोदने के बाद उसमें लोहे के गाटर वेल्डिंग किए जा रहे हैं। जिसके बाद उसके लोहे की प्लेट लगाई जा रही है ताकि मिट्टी न धंसने पाए। यह सीवर 650 मीटर में दोनों तरफ से जाएगा। ताकि यहां के रहने वालों को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। जुलाई 2025 में कैबिनेट में मुहर लगने के बाद दालमंडी में 181 मकान और 6 मस्जिदों का चिह्निकरण किया गए था। इसके बाद 29 अक्टूबर 2025 में पहला मकान दालमंडी में तोड़ा गया। यह ध्वस्तीकरण 9 महीने अनवरत चल और अभी तक 179 मकानों को ध्वस्त किया जा चुका है।साथ ही 6 मस्जिदों को आंशिक रूप से तोड़ा जा चुका है। ऐसे में अब निर्माण कार्य शुरू किया गया है। जिसके लिए 9 अगस्त को भूमि पूजन किया गया था।

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that i have changed my name from SATISH KUMAR to SATISH KUMAR GUPTA. In the future, i shall be known and recognised by the name SATISH KUMAR GUPTA.

**SATISH KUMAR GUPTAS/O: RAMESH CHANDRA GUPT**
Aaddress: 3/547, RAMPUR, RAMNAGAR, VARANASI. 221008

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that i have changed my name from KISHWAR JAHAN to QISHWAR JAHAN. In the future, i shall be known and recognised by the name QISHWAR JAHAN.

**QISHWAR JAHAN W/O: ABDUL MATEEN**
address: C 19/187-1-B-1-K, LALLAPURA, VARANASI 221001.

**अदालती नोटिस**

**सम्मन बगरज इन्फिसाल मुकदमा नाम अदालत उपजिलाधिकारी न्यायिक सेवराई, गाजीपुर**
**मु0 न0- T 202614290707586**
**धारा-116 राजस्व संहिता उत्तर प्रदेश**
**अनीस खान बनाम अली अहमद खान आदि बनाम**

मौजा उसीया तहसील सेवराई 1. अली अहमद खान पुत्र मुमताज खान 2. अकबर खान पुत्र स्व नजीर खान 3. मु0 औरंगजेब खान पुत्र नजीर खान 4. जमशेद खान पुत्र नजीर खान 5. मो. हैदर अली खान पुत्र नजीर खान 6. जुबैदा खातून पत्नी स्व शाहनवाज खान 7. मो . शाहजहां खान पुत्र शाहनवाज खान 8 .शाहबाज खान पुत्र शाहनवाज खान 9. मो शाहिद खान पुत्र शाहनवाज खान 10. ग्राम सभा जरिए ग्राम प्रधान उसीया समस्त साकीनान मौजा उसीया तहसील सेवराई जिला गाजीपुर
हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है, जिसमें तारीख 25 माह 09 सन् 2026 मुकर्रर है इसलिए आप लोग खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाब देही दावा की करे वरना मुकदमा आप लोगों के खिलाफ एक तरफा समाप्त होगी। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 09.09.2026 दिवस को निकाली गई।

**आज्ञा से न्यायालय**
**तारीख पेशी- 25.09.2026**

# एक स्वास्थ्य-एक भविष्य : स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद

## ब्रिक्स से निकलती राह

दुनियाभर में चल रही जंग और अमेरिकी दादागीरी के बीच भारत में आयोजित ब्रिक्स समिट-2026 से नयी राह निकलती दिख रही है। इस रास्ते पर चलकर बेशक दुनिया की आधी आबादी को राहत मिल सकती है। दरअसल ईरान पर अमेरिका और इजरायल की तरफ से छेड़ा गया युद्ध, होर्मुज जल डमरू मध्य मार्ग पर वर्चस्व की जंग, फिलीस्तीन पर इजरायल के हमले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के थोपे टैरिफ से दुनिया भर के कारोबार में उथल-पुथल मची है। तेल और गैस की क ीमतों में भारी बढ़ोत्तरी से दुनिया में एक और मंदी का संकट गहराने लगा है तो वहीं कई देशों के एक या दूसरे युद्ध में उलझने या किसी भी तरह उससे प्रभावित होने के कारण वैश्विक शांति भी प्रभावित हुई। ऐसे तनावपूर्ण माहौल में आयोजित ब्रिक्स समिट में सदस्य देशों के अलावा अबू धाबी, मलेशिया, बेलारूस, क्यूबा, कजाकिस्तान, बहरीन, वियतनाम, बुरुंडी, नाइजीरिया, युगांडा, उरुग्वे के प्रतिनिधि भी मेहमान देशों के तौर पर शामिल हुए। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ-साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक, न्यू डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधियों ने भी सम्मेलन में शिरकत की।



सत्येन्द्र श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक

एक तरह से भारत के ब्रिक्स सम्मेलन में दुनिया की तकरीबन आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता एक ही मंच पर इकट्ठे हुए और वैश्विक अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण किरदार भी यहीं नजर आए। इस लिहाज से भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 काफी खास हो जाता है। क्योंकि इस शिखर सम्मेलन से यह संदेश निकला है कि दुनिया में किसी एक देश, किसी एक ताकतवर नेता की मर्जी हमेशा नहीं चल सकती है, अंतरराष्ट्रीय संबंध और कूटनीति परस्पर सम्मान और बराबरी के व्यवहार से ही निभाए जाते हैं। भारत के लिए यह सम्मेलन इसलिए अहम रहा क्योंकि पिछले कुछ बरसों में हमारी विदेश नीति में स्पष्ट नजरिए की कमी देखी गई है। गुट निरपेक्षता को दरकिनार करने का दुष्परिणाम यह हुआ कि हम बार-बार अमेरिका के साए में दिखाई दिए, जिससे हमारे पारंपरिक मित्र देश भी थोड़े खिन्न नजर आए। गनीमत यह रही कि ब्रिक्स सम्मेलन के कारण संबंधों की प्राचीन ऊष्मा फिर झलकने लगी है। इस बार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ईरान के राष्ट्रपति डॉक्टर मसूद पेजेशकियान का भारत आना खास चर्चा में रहा। खासकर इजरायल और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों से नरेन्द्र मोदी जो नजदीकी दिखाने की कोशिश में रहते हैं, उसके कारण यह सवाल उठता रहा कि क्या मोदी ईरान और रूस से पुरानी दोस्ती कायम कर पाएंगे। वहीं चीन की आक्रमणकारी नीति का खामियाजा गलवान में भारत को उठाना पड़ा, उसके बाद भारत का रुख क्या रहेगा। नरेन्द्र मोदी और शी जिनपिंग के बीच बातचीत में कुछ बहुत ठोस निकलकर तो नहीं आया लेकिन दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ा है, यह भी अच्छी बात है।

हालांकि 45 पन्नों और 140 बिन्दुओं के नयी दिल्ली घोषणापत्र में '22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की गई, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। भारत इसके लिए पाकिस्तान समर्थित संगठनों को जिम्मेदार ठहराता है, लेकिन घोषणापत्र में पाकिस्तान का जिक्र नहीं किया गया है। क्या इसके पीछे ट्रंप का दबाव था, या जिनपिंग के होने की झिझक, यह स्पष्ट नहीं हुआ है। क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर में चीन का साथ पाकिस्तान को मिला था और असीम मुनीर ट्रंप के प्रिय हैं, यह जगजाहिर है। घोषणापत्र में यह भी कहा गया है कि कई देशों को 'अन्यायपूर्ण और एकतरफा संरक्षणवादी कदमों से नुकसान हो रहा है। इसे ट्रंप की तरफ से थोपे गए टैरिफ की आलोचना माना जा रहा है। लेकिन फिर बिना नाम लिए अगर अमेरिका या ट्रंप की आलोचना की जाए, तो क्या उससे मकसद हासिल होगा, यह ब्रिक्स देशों को सोचना होगा। कुल मिलाकर ब्रिक्स देशों ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि दुनियाभर की राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था में बदलाव आना चाहिए। घोषणापत्र का मुख्य संदेश यही है कि अमेरिका या कोई भी महाशक्ति, दुनिया के अन्य देशों को जिन्हें आजकल ग्लोबल साउथ में शुमार किया जाता है, उन्हें दरकिनार नहीं कर सकती। लेकिन यह संदेश कितना असर दिखा पाएगा, यह देखना होगा।



### अनमोल वचन

**स्वामी रामकृष्ण परमहंस**

**एक व्यक्ति चाहे तो दिये की रोशनी में भागवत पढ़ सकता है और दूसरा उसी के प्रकाश में जालसाजी कर रहा हो सकता है ; किन्तु इन सब से दिये को कोई फर्क नहीं पड़ता। सूर्य अपना प्रकाश दुष्ट व्यक्ति और भले व्यक्ति दोनों को देता है।**

---

दुनिया अब सेहतमंद होने के मायने पर नए सिरे से सोच रही है, आज स्वास्थ्य-देखभाल का मतलब सिर्फ बीमारी का इलाज करना नहीं है; बल्कि इसका मकसद बीमारियों को रोकना, तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना और ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना है, जो बदलती जीवनशैली, पर्यावरण के दबाव और नई स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर सके। इस बदलते परिदृश्य में, आयुर्वेद भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण दृष्टि की पेशकश करता है। 11वें आयुर्वेद दिवस की थीम, "स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद" और "एक स्वास्थ्य, एक भविष्य" का विजन इस विचार को बहुत खूबसूरती से पेश करता



**श्री प्रतापराव जाधव**




है। यह हमें याद दिलाता है कि मानव स्वास्थ्य का कोई अलग-थलग अस्तित्व नहीं होता। लोगों, समुदायों, पशुओं और पर्यावरण का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े होते हैं।

आयुर्वेद ने हमेशा बीमारी से बचाव, संतुलित जीवन, सही खान-पान, दैनिक दिनचर्या और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने पर बहुत जोर दिया है। ऐसे समय में जब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ, उपापचय विकार, तनाव और दूसरी गैर-संक्रामक बीमारियाँ समाज पर बोझ बढ़ा रही हैं, ये सिद्धांत और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गए हैं।

लेकिन आयुर्वेद को आगे ले जाने का मतलब सिर्फ. पीछे मुड़कर देखना नहीं हो सकता। इसके भविष्य को शोध, साक्ष्यों, नवाचार और गुणवता के जरिए आकार दिया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना हमारी ज़िम्मेदारी है कि आयुर्वेद से जुड़े ज्ञान का अध्ययन आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से हो और उसे ऐसे समाधानों में बदला जाए, जो आज की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करते हों।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने इस यात्रा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 2014 में आयुष मंत्रालय की स्थापना; आयुर्वेद और अन्य आयुष प्रणालियों को एक मजबूत संस्थागत आधार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। तब से, इसका दायरा संरक्षण और प्रचार-प्रसार से बढ़कर शोध, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल सुविधा, गुणवत्ता आश्वासन, नवाचार और वैश्विक सहयोग तक विस्तृत हो गया है।

स्वास्थ्य देखभाल को असल में मरीज की जरूरतों पर केंद्रित होना चाहिए। जहां उपचार उपयुक्त और साक्ष्य समर्थित हो, वहाँ विभिन्न स्वास्थ्य प्रणालियाँ एक-दूसरे की पूरक बन सकती हैं और स्वास्थ्य के प्रति व्यापक दृष्टिकोण में योगदान दे सकती हैं। जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में आयुष सेवाओं का एकीकरण और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विस्तार, रोकथाम और समग्र स्वास्थ्य सेवा को ज्यादा सुलभ बनाने के हमारे संकल्प को प्रतिबिंबित करते हैं।

भारत आयुर्वेद को दुनिया तक भी पहुँचा रहा है। आयुर्वेद दिवस के पिछले आयोजनों ने दिखाया है कि स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति भारत के नजरिए को दुनिया भर में कैसा समर्थन मिल सकता है। आयुर्वेद दिवस ने भारत की स्वास्थ्य परंपराओं के लिए एक वैश्विक अवसर का निर्माण किया है और आयुर्वेद तेजी से कल्याण, रोकथाम और सतत स्वास्थ्य सेवा पर होने वाली अंतरराष्ट्रीय बातचीत का हिस्सा बन रहा है। इस बढ़ती वैश्विक रुचि के साथ एक उतनी ही महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी भी आती है। आयुर्वेद को विश्वसनीय शोध, नैदानिक सबूतों, मजबूत गुणवत्ता मानकों और ज़िम्मेदार संचार का समर्थन मिलना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग, आयुष शैक्षिक विभाग, नैदानिक शोध और विनियामक तालमेल की दिशा में किए जा रहे प्रयास भारत से बाहर आयुर्वेद के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने में मदद कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ. इसकी वैश्विक पहुँच का विस्तार करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि इस विकास के साथ भरोसा और वैज्ञानिक विश्वसनीयता भी जुड़ी हो।

"एक स्वास्थ्य, एक भविष्य" का विजन हमें अस्पतालों और दवाओं से आगे ले जाता है। एक स्वस्थ भविष्य हमारे पर्यावरण, हमारे खान-पान और उन प्राकृतिक संसाधनों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है, जिन पर स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां निर्भर करती हैं। उदाहरण के लिए, औषधीय पौधे स्वास्थ्य सेवा को कृषि, आजीविका और जैव विविधता से जोड़ते हैं। उनकी स्थायी खेती से किसानों के लिए आर्थिक अवसर पैदा हो सकते हैं और साथ ही कीमती प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी योगदान मिल सकता है।

प्रौद्योगिकी भी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकती है। आज भारत के पास अपने व्यापक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक शोध क्षमताओं, डिजिटल तकनीक, डेटा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते उपायों के साथ जोड़ने का मौका है। यह संयोजन शोधकताओं को पारंपरिक तरीकों का ज्यादा सटीकता से अध्ययन करने और नवाचार के नए अवसरों को सामने लाने में मदद कर सकता है।

फिर भी, सबसे महत्वपूर्ण बदलाव लोगों के जीवन में आना चाहिए। आयुर्वेद दिवस को केवल साल में एक बार मनाया जाने वाला आयोजन बनकर नहीं रहना चाहिए।

इसे हमारे घरों, स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में स्वस्थ जीवन शैली आधारित एक व्यापक अभियान को बढ़ावा देना चाहिए। हम क्या खाते हैं, हम कितने सक्रिय रहते हैं, हम तनाव का प्रबंधन कैसे करते हैं और हम अपने पर्यावरण के साथ कितनी ज़िम्मेदारी से व्यवहार करते हैं, ये सभी हमारे समाज के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

इस यात्रा में युवा पीढ़ी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आयुर्वेद को सिर्फ. भारत की विरासत के तौर पर ही नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, उद्यमिता और स्वास्थ्य सेवा के ऐसे क्षेत्र के तौर पर पेश किया जाना चाहिए, जो भविष्य की चुनौतियों को हल करने में योगदान दे सकता हो।

आज भारत ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एक अनोखे संगम पर खड़ा है। हमारे पास इन ताकतों को एक साथ लाने का अवसर है, ताकि स्वास्थ्य सेवा का ऐसा तरीका विकसित किया जा सके, जो इलाज के साथ-साथ बीमारी से बचाव, बीमारी के प्रबंधन के साथ-साथ आरोग्यता और विकास के साथ-साथ स्थायित्व को भी महत्व देता हो।

आयुर्वेद का भविष्य अंततः इस बात से निर्धारित होगा कि हम इस पर कितना अच्छा शोध करते हैं, सबूतों के आधार पर इसे कितना मजबूत बनाते हैं, इसकी गुणवता को कैसे सुनिश्चित करते हैं और इसके फायदों को लोगों तक कैसे पहुँचाते हैं।

इसलिए, "स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद" सिर्फ. एक थीम नहीं है। यह सेहत की संस्कृति बनाने का एक आह्वान है – ऐसी संस्कृति, जो लोगों को सशक्त बनाती हो, समुदायों को मजबूत करती हो और उस पर्यावरण का सम्मान करती हो, जिसे हम सभी साझा करते हैं। जब हम 11वाँ आयुर्वेद दिवस मना रहे हैं, तो आइए एक स्वास्थ्य, एक भविष्य के विजन को आगे बढ़ाएँ और एक स्वस्थ भारत और स्वस्थ दुनिया की दिशा में मिलकर काम करें। एक स्वास्थ्य, एक भविष्य। सभी के लिए सेहतमंद भविष्य।

**(लेखक केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री हैं)**

---

## अजब गजब

# सोते हुए भी गोते लगाती है डॉल्फिन, नींद में जागता है दिमाग

**डॉल्फिन खुद भले ही कैट-नैपिंग करती हो, लेकिन अपने बच्चों को पूरी तरह आराम करने का मौका देते हैं। डॉल्फिन के बच्चे अपनी मां के साथ खींचकर तैरते रहते हैं। इसे 'इचलन तैराकी' कहा जाता है। इसके साथ? ही बच्चे को 24 घंटे पानी में तैरते रहने के अनुकूल बनाने के लिए मादा डॉल्फिन गर्भ से ही तैयारी शुरू कर देती है...**

बच्चों, जब तुम देर तक सोते हो तो मां-पिता जी आजगाने के लिए अक्सर तुम्हारे चेहरे पर पानी के छींटें मारते हैं और तुम्हारी नींद टूट जाती है। यहां तक कि जब तुम्हें बहुत सारा होमवर्क करना होता है, तो नींद से बचने के लिए तुम बार-बार मुंह धुलते हो। अब तुम सोच रहे होगे कि फिर डॉल्फिन सोते हुए कैसे तैर लेती है? डूबती क्यों नहीं है?



दरअसल, डॉल्फिन का सोने का तरीका इन्सानों से बिल्कुल अलग होता है। डॉल्फिन हमेशा पानी में रहती है, लेकिन सांस लेने के लिए उसे बार-बार सतह पर आना पड़ता है। उसकी सांस अपने-आप नहीं चलती है। अगर वह हमारी तरह सब कुछ भूल कर सोने लगी तो उसकी सांस रुक जाएगी और वह डूबकर मर जाएगी। यही वजह है कि डॉल्फिन को सोते हुए भी सांस लेने के लिए सचेत रहना पड़ता है। हमारी सांस नींद में भी अपने-आप चलती है तो हमें इसकी जरूरत महसूस नहीं होती है।

**नींद में जागता है दिमाग -** सोते हुए भी सांस चलती रहे, इसके लिए डॉल्फिन कभी भी पूरी तरह नहीं सोती है। उसके मस्तिष्क का एक हिस्सा हमेशा जागता रहता है और दूसरा हिस्सा सांस लेने के लिए सचेत करता रहता है। इस दौरान उसकी एक आंख भी खुली रहती है। उसके शरीर की संरचना ऐसी है कि जब उसके मस्तिष्क का बायां हिस्सा सोता है तो दायीं आंख खुली रहती है और जब दायां हिस्सा सोता है तो बायीं आंख खुली रहती है। इसे कैट-नैपिंग कहा जाता है। एक समय मस्तिष्क का एक गोलार्द्ध सोता है, इसलिए इसे 'यूनिहेमिस्फेरिक नींद' भी कहा जाता है।

डॉल्फिन बारी-बारी से मस्तिष्क के दोनों गोलार्द्ध में सोती है, जिससे उसके पूरे शरीर को आराम मिलता रहता है। साथ ही शिकारियों के हमले और दूसरी बाधाओं से भी बचती है। अक्सर, वह पानी की सतह के बिल्कुल करीब बिना हिले-डुले, धीरे-धीरे तैरते हुए सोती है। इसे लॉगिंग कहा जाता है, क्योंकि इस दौरान डॉल्फिन लॉग यानी लकड़ी के टुकड़े जैसे दिखती है। कभी-कभी वह कम गहराई में समुद्र तल पर भी सो जाती है, लेकिन उसे सांस लेने के लिए नियमित रूप से बाहर आना ही पड़ता है।

**शिशुओं को पूरा आराम -** डॉल्फिन खुद भले ही कैट-नैपिंग करती हो, लेकिन अपने बच्चों को पूरी तरह आराम करने का मौका देते हैं। डॉल्फिन के बच्चे अपनी मां के साथ खींचकर तैरते रहते हैं। इसे 'इचलन तैराकी' कहा जाता है। इसके साथ? ही बच्चे को 24 घंटे पानी में तैरते रहने के अनुकूल बनाने के लिए मादा डॉल्फिन गर्भ से ही तैयारी शुरू कर देती है।

---

## सुंदर दिखने का चस्का
# ब्यूटी पार्लर में उड़ा दिए 4 करोड़



**चीन की एक 75 साल की बुजुर्ग महिला ने ब्यूटी ट्रीटमेंट पर अपनी 4 करोड़ की सारी जमा-पूंजी लुटा दी. जानिए कैसे सैलून ने बाजार भाव से 20 गुना ज्यादा पैसे वसूले और कैसे खुला इस बड़े फ्रॉड का राज...**

जवानी और खूबसूरती बनाए रखने का क्रेज किस हद तक जा सकता है, इसकी एक हैरान करने वाली दास्तान चीन से सामने आई है। जहां एक 75 साल की बुजुर्ग महिला ने अपनी जिंदगीभर की कमाई यानी करीब 4 करोड़ रुपए सिर्फ ब्यूटी ट्रीटमेंट और सैलून के चक्कर में फूंक डाले। जब तक इस बात की भनक परिवार को लगी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, शंघाई की रहने वाली 75 साल की 'यू' सरनेम की एक बुजुर्ग महिला को साल 2016 से एक स्थानीय सैलून और मेडिकल ब्यूटी क्लिनिक जाने की ऐसी लत लगी कि उन्होंने अपनी रिटायरमेंट की सारी सेविंग्स वहां लुटा दी। उन्होंने अपनी स्किन को टाइट रखने, थ्रेड लिफ्टिंग और मालिश जैसी कई कॉस्मेटिक प्रोसीजर पर आंख मूंदकर पैसे खर्च किए। मामला तब खुला जब उनकी बेटी ने घर में पड़े बिल और ट्रीटमेंट के कागजातों की फाइल खंगाली, जिसके बाद पैरों तले जमीन खिसक गई।

**मार्केट रेट से 20 गुना ज्यादा वसूले गए दाम -** इस हैरान करने वाले मामले का सबसे बड़ा पहलू यह है कि उस ब्यूटी सैलून ने बुजुर्ग महिला के भोलेपन का जमकर फायदा उठाया। बिलिंग रिकॉर्ड के मुताबिक, सैलून ने सामान्य बाजार दरों से 10 से 20 गुना ज्यादा कीमतें वसूलीं। सिर्फ एक बार के लिप टैटू सेशन के लिए महिला से 39,800 युआन (करीब 5.17 लाख रुपए) वसूले गए, जो कि आम कीमत से कई गुना ज्यादा था। आइब्रो टैटू और कई छोटी-मोटी थेरेपी पर भी लाखों रुपए पानी की तरह बहाए गए।

इस अजीबोगरीब घटना पर छिड़ी बहस - जब बेटी ने इस धोखाधड़ी के खिलाफ शंघाई के एक टीवी शो से मदद मांगी, तो यह मामला सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। इस अजीबोगरीब घटना ने अब पूरी दुनिया में एक नई बहस छेड़ दी है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या बुजुर्ग ग्राहकों को ऐसे ठग सैलून से बचाने के लिए कोई कड़े उपभोक्ता संरक्षण कानून नहीं होने चाहिए? क्या अकेलेपन या उम्र के इस पड़ाव पर लोग ऐसी आक्रामक मार्केटिंग का आसानी से शिकार बन जाते हैं?

---

# सबसे पतली कार
## गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज



**गाड़ी में छोटा सा स्टीयरिंग व्हील, चार पहिए, एक इलेक्ट्रिक मोटर, एक हेडलाइट और दो रियर लाइटें दी गई हैं। इस अनोखे वाहन का वजन सिर्फ 264 किलो है और इसकी टॉप स्पीड 15 किलोमीटर प्रति घंटा है। ये कार पूरी तरह से फंक्शनल है, लेकिन सेफ्टी की वजह से अभी इसे सड़कों पर चलाने की कानूनी इजाजत नहीं मिली है..**

आपने कभी ऐसी कार देखी है जो बाइक से भी पतली हो? इटली के एक जुगाड़ू मैकेनिक ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है कि देखने वाले दंग रह गए हैं। इस बंदे ने 1993 की पुरानी फिएट पांडा कार को बीच से ऐसा काटा-छांटा कि उसे दुनिया की सबसे पतली कार बना डाला। इस अजीबोगरीब कार का वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है और लोग इसे देखकर पूरी तरह हैरान हैं। उत्तरी इटली के रहने वाले मैकेनिक एंड्रिया माराजी ने अपनी इस पुरानी कार की चौड़ाई घटाकर सिर्फ एक तिहाई कर दी है। मजेदार बात यह है कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स ने भी इसे दुनिया की सबसे संकरी कार मान लिया है। इस अजीबोगरीब कार की चौड़ाई महज 50.20 सेंटीमीटर है, जबकि लंबाई 3.40 मीटर और ऊंचाई 1.45 मीटर है. एंड्रिया को इसे तैयार करने में पूरे 12 महीने लगे, जिसमें उन्होंने जीतोड़ कटिंग और वेल्डिंग की है। यह पूरा प्रोजेक्ट एंड्रिया के परिवार के ऑटो रीसाइक्लिंग बिजनेस यानी कबाड़खाने में तैयार किया गया है। सबसे बढ़िया बात ये है कि इस कार का 99% हिस्सा पुरानी फिएट पांडा के ओरिजिनल पार्ट्स से ही बना है। एक नजर में दुनिया की सबसे पतली कार

अब बात करें अंदर के स्पेस और स्पीड की, तो इसमें सिर्फ एक ही आदमी के बैठने की जगह है। गाड़ी में छोटा सा स्टीयरिंग व्हील, चार पहिए, एक इलेक्ट्रिक मोटर, एक हेडलाइट और दो रियर लाइटें दी गई हैं। इस अनोखे वाहन का वजन सिर्फ 264 किलो है और इसकी टॉप स्पीड 15 किलोमीटर प्रति घंटा है। ये कार पूरी तरह से फंक्शनल है, लेकिन सेफ्टी की वजह से अभी इसे सड़कों पर चलाने की कानूनी इजाजत नहीं मिली है।

---

### बुधवार, 16 सितम्बर 2026(पंचांग)

**सूर्योदय - 05 : 55**
**सूर्यास्त - 05 : 21**



ज्योतिषाचार्य
**आचार्य महेश चन्द्र मिश्र**

**मेष** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे।

**वृषभ** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में विलंब होगा, क्रोध से बचें।

**मिथुन** : पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह** : कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या** : वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है।

**तुला** : शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे।

**वृश्चिक** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर** : आय में निश्चितता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है।

**कुंभ** : प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा।

**मीन** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें।

मुद्रक व प्रकाशक बीनू गुप्ता द्वारा स्वामी मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. के लिए मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. आराजी संख्या 68, मौजा गोविन्दपुर, जी.टी. रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित कराकर सी 32/22-23 रामसिंह राणा नगर विद्यापीठ रोड, वाराणसी से प्रकाशित। सम्पादक- बीनू गुप्ता। स्थानीय सम्पादक- सत्येन्द्र श्रीवास्तव ✡ सहायक सम्पादक- प्रवीण राय, आर.एन.आई.संख्या - यूपीएचआइएन/2013/53226 (सभी विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन) (संस्थापक-स्व. डॉ. लक्ष्मण दास)

फोन नं.-0542-2220300, ईमेल- betsamachar@gmail.com

✡ इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

# जौनपुर अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

नई कार्यकारिणी

✡ अध्यक्ष-मंत्री समेत सभी पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**भारत एकता टाइम्स/ जौनपुर**

दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ में मंगलवार को नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष, मंत्री और पूरी कार्यकारिणी ने पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद नई टीम मंच पर पहुंची तो अधिवक्ताओं ने माला-फूल पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान बधाइयों और तालियों से पूरा सभागार गूंज उठा। दोपहर एक बजे से 4 बजे तक चले इस समारोह में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य अनुराग पांडेय मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। पांडेय ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों के लिए बार का एकजुट रहना जरूरी है। पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना चाहिए और उनके हल निकालने की कोशिश करनी चाहिए। शपथ ग्रहण के दौरान सबसे पहले नव निर्वाचित अध्यक्ष ने पद की शपथ ली। इसके बाद मंत्री समेत अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने भी शपथ ली। सभी ने संघ की गरिमा, अनुशासन और परंपराओं को बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही, अधिवक्ताओं के हितों के लिए पूरी निष्ठा से काम करने की बात कही। शपथ पूरी होते ही अधिवक्ताओं ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। कई अधिवक्ताओं ने मंच पर पहुंचकर नई टीम को शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में जिला जज, अपर पुलिस अधीक्षक समेत अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। संघ के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता और कार्यकारिणी सदस्य भी इस मौके पर उपस्थित थे। न्यायिक अधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बार-बेंच के बेहतर तालमेल और अधिवक्ता हितों में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई। समारोह में संघ चुनाव को सफलतापूर्वक कराने वाले चुनाव अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। निष्पक्ष और व्यवस्थित चुनाव कराने में उनके योगदान की सराहना की गई। सम्मानित किए जाने पर अधिवक्ताओं ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। नई कार्यकारिणी के सामने अब अधिवक्ताओं की समस्याओं को मजबूती से उठाने की चुनौती है। उन्हें अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करनी होगी और संघ को और प्रभावी बनाना होगा। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि नई टीम आपसी एकता बनाए रखते हुए अधिवक्ता हितों से जुड़े मुद्दों पर मजबूती से काम करेगी।

## होमगार्ड दौड़ के बाद युवक करंट से झुलसा

✡ दौड़ में फेल होने पर ट्रांसफार्मर पर चढ़ा, मेडिकल कॉलेज में भर्ती





**भारत एकता टाइम्स/ जौनपुर**

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्धिकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड की शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान 16 अभ्यर्थी घायल हो गए। मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे परीक्षा में शामिल होने आए गाजीपुर निवासी 26 वर्षीय युवक ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया और करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। वहीं, कड़ी धूप में दौड़ में शामिल 15 अन्य अभ्यर्थियों की हालत बिगड़ गई। सभी को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। करंट से झुलसे युवक की पहचान गाजीपुर के सैदपुर थाना क्षेत्र के लोड़ीपुर गांव निवासी राजेश कुमार के बेटे अमन कुमार (26) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश होमगार्ड की शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने आया था। बताया जा रहा है कि दौड़ में सफल नहीं होने के बाद वह डाल्हनपुर-फरीदाबाद स्थित कारगिल पेट्रोल पंप के सामने कॉलोनी के पीछे लगे ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे अमन ट्रांसफार्मर पर चढ़ा था। आसपास के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया और नीचे गिर पड़ा। युवक को गिरा देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस की मदद से अमन को उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्धिकपुर पहुंचाया गया। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक बताई है। युवक ट्रांसफार्मर पर क्यों चढ़ा, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी दौरान स्टेडियम में होमगार्ड फिजिकल परीक्षा में शामिल होने आए 15 अन्य अभ्यर्थी भी कड़ी धूप के कारण गिरकर घायल हो गए। इनमें गाजीपुर के नितेश, जमुनिया निवासी राजकुमार और सत्यम समेत अन्य अभ्यर्थी शामिल हैं। पुलिसकर्मियों की मदद से सभी को एंबुलेंस के जरिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। सिद्धिकपुर बूथ चौकी प्रभारी जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि धूप के कारण बीमार हुए 15 अभ्यर्थियों में से 12 को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। तीन अभ्यर्थियों का अभी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। होमगार्ड की शारीरिक दक्षता परीक्षा में गाजीपुर और बलिया समेत आसपास के जिलों से अभ्यर्थी शामिल होने आए थे।



# सैंडपेपर गेट की कड़वाहट अब भी?


**भारत एकता टाइम्स/मेलबर्न**



ऑस्ट्रेलिया का दक्षिण अफ्रीका दौरा 24 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इस दौरे पर दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और तीन टेस्ट मैच खेले जाएंगे। 2018 में हुए सैंडपेपर गेट विवाद के बाद यह पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रहा है। ऐसे में इस सीरीज को लेकर पहले से ही चर्चा है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि 2018 के सैंडपेपर विवाद का असर इस दौरे पर कुछ हद तक देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि टेस्ट सीरीज के दौरान थोड़ी दुश्मनी हो सकती है, हालांकि उनका मानना है कि यह एशेज सीरीज से ज्यादा शोरगुल वाला नहीं होगा। कमिंस ने ह्यकीपिन इट क्रिकेटह्न पॉडकास्ट के दौरान दक्षिण अफ्रीका में होने वाली टेस्ट सीरीज को लेकर कहा, 'टेस्ट सीरीज के दौरान थोड़ी दुश्मनी हो सकती है। लेकिन यह एशेज सीरीज से ज्यादा शोरगुल वाला नहीं हो सकता। बर्मिंघम, एजबेस्टन का हॉलीज स्टैंड, वह बहुत शोरगुल वाला हो जाता है।' कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट खेलने के अपने अनुभव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां भीड़ के कुछ हिस्सों की प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है, लेकिन वह पहले भी ऐसी परिस्थितियों का सामना कर चुके हैं। उन्होंने कहा, 'जब से मैं दक्षिण अफ्रीका गया हूं, भीड़ के कुछ हिस्से ऐसे होते हैं जो अटक जाते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हमने यह सब पहले भी देखा है। सबसे जरूरी बात, मैं कैप्टन हूं, इसलिए मैं बीच में हूं, मैं दर्शकों के पास नहीं रहूंगा।' 2018 के सैंडपेपर गेट विवाद को लेकर कमिंस ने उम्मीद जताई कि अब तक मामला शांत हो चुका होगा। उन्होंने साफ किया कि उनकी टीम का ध्यान क्रिकेट पर रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, 'मेरा मानना है कि अब तक वह मामला शांत हो गया होगा। हमारा फोकस क्रिकेट पर रहेगा।' उन्होंने यह भी कहा कि तीन टेस्ट मैचों की सीरीज शुरू होने के बाद खिलाड़ी क्रिकेट में व्यस्त हो जाएंगे और ध्यान मैदान पर केंद्रित हो जाएगा। कमिंस ने कहा, 'हर कोई आगे बढ़ जाता है। अच्छी बात यह है कि तीन टेस्ट में, आप क्रिकेट में फंस जाते हैं, और हर कोई बहुत जल्दी क्रिकेट के बारे में चिंता करने लगता है।' कमिंस ने माना कि सीरीज के दौरान कुछ लोगों की तरफ से पुराना मुद्दा उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भीड़ में कुछ गुस्सैल लोग हो सकते हैं और मीडिया में भी इस मुद्दे से जुड़ी बातें सामने आ सकती हैं। हालांकि, उनके मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मामले से आगे बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि भीड़ में कुछ गुस्सैल लोग होंगे, और कुछ आर्टिकल या मीडिया में ऐसी बातें सामने आएंगी। लेकिन हमारा ग्रुप आगे बढ़ गया है।' 2018 में बॉल-टैम्परिंग के मुद्दे ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को मुश्किल में डाल दिया था। इस विवाद के बाद ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन खिलाड़ियों स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था। वहीं, कैमरन बैनक्रॉफ्ट पर नौ महीने का बैन लगा था। अब उसी विवाद के बाद ऑस्ट्रेलिया पहली बार दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खेलने जा रहा है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज पर खास नजर रहेगी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों टीमों के लिए यह टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से बेहद अहम है। ऐसे में तीन टेस्ट मैचों की यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण होगी। 24 सितंबर से शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे में पहले तीन वनडे और उसके बाद तीन टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सीरीज को लेकर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजर रहेगी।

## विश्व चैंपियन गुकेश को सिंदारोव की चुनौती

✡ 22 साल बाद स्विट्जरलैंड में सजेगी विश्व शतरंज की बिसात



**भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली**

जेनेवा शतरंज जगत का सबसे बड़ा मंच विश्व चैंपियनशिप इस साल के अंत में 24 नवंबर से 11 दिसंबर तक अपने गढ़ स्विट्जरलैंड के जेनेवा में होगी। यहां इतिहास के सबसे युवा विश्व चैंपियन भारत के 20 वर्षीय डी. गुकेश को उज्बेकिस्तान के विश्व चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव चुनौती पेश करेंगे। 2004 में पहली बार चैंपियनशिप स्विट्जरलैंड में हुई थी, जहां व्लादिमीर क्रैमनिक ने पीटर लेको को हराया था। अब 22 साल बाद फिर यह टूनामेंट स्विट्जरलैंड लौट रहा है। शतरंज की बिसात जेनेवा स्थित कोलोग्नी की प्रख्यात फोन्डेशन मार्टिन बोडमर लाइब्रेरी और म्यूजियम में बिछेगी। कुल पुरस्कार राशि 25 लाख अमेरिकी डॉलर (23.97 करोड़ रुपये) है। प्रत्येक खिलाड़ी को जीते गए हर गेम के लिए 2 लाख अमेरिकी डॉलर (1.91 करोड़ रुपये) मिलेंगे। मैच के अंत में शेष राशि दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबर बांटी जाएगी। यह मैच अधिकतम 14 क्लासिकल गेम्स का होगा। जीत पर 1 अंक और ड्रॉ पर 0.5 अंक मिलेंगे। जो खिलाड़ी पहले 7.5 अंक हासिल करेगा, वही विश्व चैंपियन बनेगा। अगर 14 गेम्स के बाद स्कोर 7-7 रहा, तो टाइब्रेकर से फैसला होगा। हर गेम में खिलाड़ियों को पहली 40 चालों के लिए 120 मिनट मिलेंगे। फिर बाकी गेम के लिए 30 मिनट अतिरिक्त मिलेंगे। 41वीं चाल से हर चाल में 30 सेकंड का इजाफा होगा।

# ब्रेंडन टेलर का कीर्तिमान

**भारत एकता टाइम्स/हरारे**



जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर पहला वनडे मुकाबला खेला जा रहा है। पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इस मैच में मैदान पर उतरने के साथ ही जिम्बाब्वे के विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने सचिन तेंदुलकर का सबसे लंबे वनडे करियर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। टेलर ने संन्यास और आईसीसी के साढ़े तीन साल के निलंबन के बाद 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। अब वह 2004 में अपने डेब्यू के बाद से 22 साल और 146 दिन तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनका 1989 से 2012 तक 22 साल और 91 दिनों का शानदार वनडे करियर रहा। अब टेलर सबसे लंबे समय तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। टेलर जिम्बाब्वे के सबसे सफल बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अपने वनडे करियर में टेलर अब तक 205 पारियों में 6,704 रन बना चुके हैं। वह जिम्बाब्वे की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ एंडी फ्लावर हैं, जिन्होंने 208 पारियों में 6786 रन बनाए। टेलर ने अपने करियर में तीनों फॉर्मेट में जिम्बाब्वे की कप्तानी भी की है। उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में शानदार प्रदर्शन किया था और दो शतक लगाए थे। इनमें से एक शतक उन्होंने भारत के खिलाफ बनाया था। विश्व कप 2015 में भारत के खिलाफ मैच के बाद टेलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के काउंटी क्लब नॉटिंघमशायर के साथ तीन साल का करार किया। हालांकि, वह इस अनुबंध को पूरा नहीं कर सके और अपने आखिरी सीजन के दौरान ही क्लब छोड़ दिया। इसके बाद में क्रिकेट से दूर रहने के दो साल से अधिक समय के बाद टेलर ने फिर से जिम्बाब्वे टीम में वापसी की और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना शुरू किया।


### सात साल बाद फर्स्ट क्लास मैच खेलेंगे बाबर



**लाहौर।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर घरेलू फर्स्ट-क्लास क्रिकेट का रुख कर रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में लगातार खराब फॉर्म और तकनीक को लेकर उठ रहे सवालों के बीच बाबर सात साल बाद घरेलू लंबे प्रारूप में खेलते नजर आएंगे। वह जारी प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी ग्रेड-1 टूर्नामेंट में ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (ओजीडीसीएल) की ओर से अतिथि खिलाड़ी के तौर पर खेलेंगे। माना जा रहा है कि इस कदम का मकसद बाबर को टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार रखना और उनकी खोई लय वापस दिलाना है। बाबर ने टेस्ट क्रिकेट में अपना आखिरी शतक दिसंबर 2022 में लगाया था। उन्होंने कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ 161 रन की पारी खेली थी। इसके बाद से टेस्ट में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है।

## शुरूआती बढ़त गंवाकर सेंसेक्स 778 अंक टूटा

✡ निफ्टी 23150 से फिसला



**भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को शुरूआती उछाल के बावजूद भारी गिरावट दर्ज की गई। शुरूआती तेजी के बाद बाजार ने अपनी बढ़त गंवा दी। सेंसेक्स 778 अंक से अधिक टूटकर 74,003.82 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 23,150 के स्तर से नीचे 23,118.60 पर आ गया। इस गिरावट से निवेशकों के करीब सात लाख करोड़ रुपये डूब गए। बढ़ती बॉन्ड आय और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों को डरा दिया। अदाणी एंटरप्राइजेज और श्रीराम फाइनेंस के शेयरों में चार-चार फीसदी की गिरावट आई। भारतीय रुपये में भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 0.4 फीसदी की गिरावट आई। यह दो महीने में रुपये की सबसे बड़ी गिरावट थी, जो 95.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों में नकारात्मक रुख रहा। निफ्टी सीमेंट, रियल्टी, वित्तीय सेवाएं और धातु क्षेत्र सबसे अधिक नुकसान में रहे। हालांकि, एफएमसीजी और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों ने बढ़त के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। बाजार में इस बड़ी गिरावट के पीछे पांच प्रमुख कारण बताए गए हैं। बढ़ती बॉन्ड आय ने निवेशकों की चिंताएं बढ़ा दीं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा दर वृद्धि की उम्मीदें भी एक वजह रहीं। ईरान और अमेरिका के बीच चल रहा संघर्ष भी बाजार पर असर डाल रहा है। कच्चे तेल की कीमतें 108 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गईं। साथ ही, आईपीओ में उछाल भी बाजार की गिरावट का एक कारण रहा। बाजार में कमजोरी व्यापक रूप से फैली रही। बैंकिंग, वित्तीय, उपभोक्ता, स्वास्थ्य सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों में गिरावट देखी गई। यह बाजार में सतर्कता भरे माहौल का संकेत देता है। निफ्टी सीमेंट, रियल्टी, वित्तीय सेवाएं और धातु सूचकांकों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इन क्षेत्रों में भारी बिकवाली देखने को मिली। भारतीय बाजार की तरह वैश्विक बाजारों में भी गिरावट दर्ज की गई। लंदन के समय अनुसार सुबह 9:52 बजे तक स्टॉक्स यूरोप 600 में 0.8 फीसदी की गिरावट आई। एसएंडपी 500 फ्यूचर्स 0.5 फीसदी नीचे रहा। नैस्डैक 100 फ्यूचर्स में 0.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज फ्यूचर्स भी 0.7 फीसदी गिरा।

## श्री चरणी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की

✡ दीप्ति शर्मा दूसरे स्थान पर पहुंचीं



**भारत एकता टाइम्स/ दुबई**

भारतीय स्पिनर श्री चरणी ने आईसीसी की जारी महिला टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर कब्जा बरकरार रखा है। इसके साथ ही उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं। वहीं, दीप्ति शर्मा चार स्थान के सुधार से दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। चरणी ने महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 20 रन देकर चार विकेट झटके और भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन के कारण वह पहली पारी करियर के सर्वश्रेष्ठ 804 रेटिंग अंक तक पहुंचने में सफल रहीं। यह आईसीसी रैंकिंग में किसी गेंदबाजी या बल्लेबाजी में किसी भारतीय की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कप्तान मिताली राज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2011 में बल्लेबाजी रैंकिंग में 780 अंक हासिल किए थे। चरणी अब महिला टी20 गेंदबाज के तौर पर हासिल किए गए अब तक के सबसे ज्यादा रेटिंग अंक से बस दो अंक पीछे हैं। यह रिकॉर्ड नवंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया की मेगन शूट ने बनाया था। एशिया कप में सर्वाधिक 14 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा भी चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने 10 पायदान आगे 94वां स्थान, जबकि लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने 50 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 96वां स्थान हासिल किया।

## भारत का निर्यात 43.81 अरब डॉलर पार

**भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली**



भारत के लिए आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। अगस्त 2026 में देश का निर्यात 26.12 फीसदी बढ़कर 43.81 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में व्यापार घाटा भी कम होकर 26.86 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह पिछले साल अगस्त के 27.2 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक सकारात्मक संकेत है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि अगस्त में आयात भी करीब 14.1 फीसदी बढ़कर 70.76 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। पिछले साल अगस्त में यह 61.96 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-अगस्त) के दौरान निर्यात 17.85 फीसदी की वृद्धि के साथ 215.91 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इसी अवधि में आयात 18.21 फीसदी बढ़कर 363 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। अगस्त में निर्यात में मजबूत वृद्धि देखी गई है। वाणिज्य सचिव के अनुसार, इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम उत्पाद, रसायन और कपड़ा जैसे कई क्षेत्रों ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन क्षेत्रों में उत्पादन और मांग बढ़ने से निर्यात को गति मिली है। भारत के उत्पादों की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी है। भारत के निर्यात को अमेरिका, ईयू, ब्रिक्स देशों और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अच्छी मांग मिली है। यह दशार्ता है कि भारतीय उत्पादों की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ रही है। विभिन्न देशों के साथ व्यापार संबंधों में मजबूती भी इस वृद्धि का एक कारण है। यह सकारात्मक गति आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। व्यापार घाटा तब होता है जब किसी देश का आयात उसके निर्यात से अधिक हो जाता है। अगस्त 2026 में भारत का व्यापार घाटा 26.86 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो अगस्त 2025 के 27.2 अरब अमेरिकी डॉलर से कम है। यह कमी मुख्य रूप से निर्यात में मजबूत वृद्धि और सोने के आयात में भारी गिरावट के कारण हुई है। अगस्त में सोने का आयात 57.7 फीसदी घटकर 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। अगस्त 2025 में यह 5.4 अरब अमेरिकी डॉलर था। सोने के आयात में यह बड़ी गिरावट व्यापार घाटे को कम करने में सहायक रही है। निर्यात में आयात के मुकाबले अधिक वृद्धि ने भी घाटे को नियंत्रित करने में मदद की है। बढ़ते निर्यात और घटता व्यापार घाटा देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत हैं। निर्यात बढ़ने से घरेलू उद्योगों को फायदा होता है। इससे उत्पादन बढ़ता है और नए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। यह देश की आर्थिक वृद्धि को गति देता है।

## सोना 1036 गिरकर 1.51 लाख पर आया

**भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली**



सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,036 रुपए घटकर 1.51 लाख रुपए पर आ गया है। एक किलो चांदी की कीमत 179 रुपए कम होकर करीब 2.29 लाख रुपए पर आ गई है। इस महीने चांदी करीब 8 हजार और सोना 5 हजार सस्ता हुआ है। 31 अगस्त को सोने का दाम करीब 1.56 लाख रुपए और चांदी की कीमत 2.37 लाख रुपए थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 18 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10 सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब करीब 2.28 लाख रुपए पर आ गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। एक्सपर्ट्स के अनुसार जब तक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के बाद ब्याज दरों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो जाती तब तक कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। हालांकि भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता के कारण सोने को सपोर्ट मिल सकता है, जिससे निवेशक इसे सुरक्षित निवेश के रूप में फिर से चुन सकते हैं।

# विकास योजनाओं में लापरवाही पर डीएम सख्त

**बीडीओ-एपीओ को निलंबन करने की दी चेतावनी, अन्नपूर्णा भवनों में ही राशन वितरण सुनिश्चित करें, डीएम ने दिए निर्देश**



**भारत एकता टाइम्स/बलिया**

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम विकास, पंचायती राज एवं नियोजन विभाग की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मनरेगा की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को निर्देश दिया कि सभी श्रमिकों का भुगतान शासन के निर्देशानुसार 15 दिन के भीतर किया जाना है, लेकिन जिले में लंबित भुगतान एक सप्ताह के अंदर हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य नियमित रूप से कराने के साथ ग्राम चौपाल आयोजित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम पंचायतों में दिव्यांगजनों को चिन्हित कर उनका सत्यापन 20 सितंबर तक पूरा कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड रखने वाले लोगों के साथ-साथ ऐसे दिव्यांगजनों को भी चिन्हित किया जाए, जिनके पास प्रमाण पत्र या यूडीआईडी कार्ड नहीं है। प्रमाण पत्र धारक दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं या नहीं, इसका भी सत्यापन कर सूची 20 सितंबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मनरेगा कार्यों की समीक्षा में विकासखंड दुबहड़, हनुमानगंज और सोहांव में लापरवाही मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित बीडीओ और एपीओ को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। न्याय पंचायत स्तर पर निर्मित खेल मैदानों के चिन्हांकन की समीक्षा में विकासखंड बांसडीह, चिलकहर और रेवती में लापरवाही सामने आई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमृत सरोवरों के चिन्हांकन की समीक्षा के दौरान विकासखंड बेलहरी, मुरली छपरा और बैरिया में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित बीडीओ और एपीओ को कड़ी फटकार लगाई तथा वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में अन्नपूर्णा भवनों की भी समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 128 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिया कि इन्हीं भवनों में कोटेदारों द्वारा राशन का वितरण सुनिश्चित कराया जाए। वर्ष 2023-24 के अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण 15 अक्टूबर तक तथा वर्ष 2025-26 के भवनों का निर्माण अक्टूबर माह के अंत तक पूरा कराने के निर्देश दिए गए। स्वयं सहायता समूहों के गठन की समीक्षा में बैरिया, सीयर और नवानगर विकासखंडों में लापरवाही मिलने पर संबंधित बीएमएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने और मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि कार्य में सुधार नहीं होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही डीसी मनरेगा को निर्देश दिया कि अगले माह बेहतर कार्य करने वाले विकासखंडों के बीएमएम को पुरस्कृत किया जाए।

# चार दिन में दो हत्याओं से दहला उभांव कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल

**भारत एकता टाइम्स/बेल्थरा रोड,बलिया**



उभांव थाना क्षेत्र में लगातार हुई दो हत्याओं ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। महज चार दिन के भीतर दो अलग अलग हत्या की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। 10 सितंबर की रात सोनाडीह-दोथ में पूर्व सीआरपीएफ जवान अमरेश बहादुर सिंह की चाकू मारकर हत्या और उनके छोटे भाई मंजेश सिंह के गंभीर रूप से घायल वाराणसी के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।वह इस घटना के बाद अब 14 सितंबर की देर शाम दिन सोमवार को करनी गांव के निवासी उमेश चौरसिया (35) वर्ष पुत्र प्रभुनाथ चौरसिया लाठी डंडे से पीट कर मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस-प्रशासन के सामने कानून-व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। बताया गया कि करनी गांव निवासी उमेश चौरसिया पुत्र प्रभुनाथ चौरसिया सोमवार की शाम मालीपुर से तीज पूजा का सामान लेकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। आरोप है कि कैथी-शंकरपुर मठिया मोड़ के समीप पहले से घात लगाकर बैठे लोगों ने उनकी बाइक रोक ली। परिजनों के मुताबिक हमलावरों ने बाइक की चाबी छीन ली। उमेश ने जब इसका विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी-डंडे और बांस से उन पर हमला कर दिया। हमले में उमेश के सिर पर गंभीर चोट लगी और वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। परिजन और स्थानीय लोग उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि करीब कुछ दिन पहले दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। इसी पुराने विवाद की रंजिश में घटना को अंजाम दिए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।मृतक के भतीजे चंदन चौरसिया की तहरीर पर उभांव थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपितों की तलाश और घटना के प्रत्येक पहलू की जांच में जुटी है।

# चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव का शंखनाद

**पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू होगा रजिस्ट्रेशन**

**भारत एकता टाइम्स/बलिया**




पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्म शताब्दी वर्ष में युवा तुर्क को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस सत्र का 'फेफना खेल महोत्सव' जननायक को समर्पित होगा। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने मंगलवार निज आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में 'जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव' का शंखनाद किया।पूर्व मंत्री ने बताया कि फेफना विधानसभा की युवा खेल प्रतिभाओं को तलाशने, तराशने एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित खेल महोत्सव हेतु खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ कर दिया जाएगा। 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस वर्ष के फेफना खेल महोत्सव को आठ क्लस्टर में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक क्लस्टर में विधान सभा की तीन से चार न्याय पंचायत के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। क्लस्टर विजेताओं को पुरस्कृत करने के उपरांत उन्हें पांच दिवसीय ग्रैंड फाइनल में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। जूनियर व सीनियर पुरुष तथा महिला वर्ग की क्लस्टर स्तर से एथलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, लंबी कूद, गोला प्रक्षेप के अलावा क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी खेलो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष क्लस्टर लेवल से ही रस्सा कस्सी की खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि 'विगत वर्षों में फेफना खेल महोत्सव के मंच से उभरी खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय फलक पर प्रदेश को गौरवान्वित करने का काम किया है। खेल महोत्सव के आयोजन के अलावा वर्ष पर्यन्त खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने का संकल्प निरंतर जारी है। इस वर्ष भी समापन समारोह में पूरे जनपद के सभी खेलों के उदीयमान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। फेफना खेल महोत्सव से प्रतिभाओं का चयन कर निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की देख रेख में प्रशिक्षण कैम्प भी आयोजित किया जाएगा। जिससे कि फेफना की युवा खेल प्रतिभाएं प्रदेश व देश को वैश्विक खेल मंच पर गौरवान्वित कर सकें।' जन-जन तक पहुंचेगा सेवा संकल्प अभियान- 'देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए के समस्त घटक दलों द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान को गांव गांव, जन जन तक पहुंचना हमारा संकल्प है।' उक्त बातें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने निज आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। पूर्व मंत्री ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि '7 अक्टूबर 2001 से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई ने देश सेवा का जो संकल्प लिया उसमें एक दिन भी विश्राम नहीं किया। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सम्पूर्ण देश में एनडीए के समस्त घटक दल 25 साल की बेमिशाल सेवा एवं राष्ट्रप्रेम की अवधि को सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाएंगे।' पूर्व मंत्री ने विश्वास जताया कि 'फेफना विधानसभा के प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों एवं 25 साल की उपलब्धियों को प्रत्येक बूथ एवं प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, तीन किशोरों की मौत से मचा कोहराम

**हादसे में छह घायल, दो की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर**

**भारत एकता टाइम्स/फूलपुर,आजमगढ़**

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को भोर में 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।हादसे के समय कार में कुल नौ लोग सवार थे। दुर्घटना में तीन किशोरों की मौत हो गई,जबकि छह लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।मृतकों की पहचान फूलपुर कस्बा निवासी निखिल मद्धेशिया (17) पुत्र रामफेर,लकी सोनकर (16) पुत्र अनिल सोनकर और सत्यम मोदनवाल (17) पुत्र नाटे के रूप में हुई है। वहीं सक्षम बरनवाल (17) पुत्र त्रिभुवन बरनवाल और अंश सोनकर (16) पुत्र लालचंद सोनकर गंभीर रूप से घायल हुए है।हादसे में घायल चार अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं।उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।हादसे की सूचना मिलते ही फूलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने तीनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। हादसे की खबर जैसे ही मृतकों के परिजनों को मिली, घरों में चीख-पुकार मच गई। पूरे फूलपुर कस्बे में शोक का माहौल है।फूलपुर क्षेत्राधिकारी किरन पाल सिंह का कहना है कि पुलिस और क्षेत्र के लोगो की मदद से कार में फंसे सभी लोगो बाहर निकाल कर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनो मृतकों के शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**भारत एकता टाइम्स/आजमगढ़**

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर माह जुलाई-2026 के राजस्व एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्वांचल विकास निधि, त्वरित आर्थिक विकास योजना तथा 50 लाख रुपये एवं उससे अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा के दौरान विकास विभाग के कार्यक्रमों से संबंधित विभागवार परियोजनाओं में माह अगस्त 2026 में बी, सी व डी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों का विगत तीन माह का तुलनात्मक विवरण पर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डी श्रेणी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आने पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को फटकार लगाते हुए प्रभावी क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। बी श्रेणी में प्रोजेक्ट अलंकार, पोषण अभियान, फमिली आईडी, जननी सुरक्षा योजना, नई सड़कों का निर्माण, सी श्रेणी में व्यक्तिगत शौचालय जीयो टैगिंग में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए अगले में अपेक्षित सुधार पर बल दिया।

## आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर डीएम ने की समीक्षा



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार एवं तहसीलवार शिकायतों की स्थिति, निस्तारण की गुणवत्ता तथा प्राप्त फीडबैक की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही, शिथिलता अथवा औपचारिकता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने विभागवार सर्वाधिक शिकायतों वाले टॉप-5 विभागों-राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, विद्युत विभाग, ग्राम्य विकास विभाग तथा खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए अपने अधीनस्थ जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबंधित ग्रामों में भेजकर मौके पर जांच कराएं तथा नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केवल पोर्टल पर निस्तारण आख्या अपलोड करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता की वास्तविक समस्या का समाधान होना चाहिए।

## रत्नप्पा भरमप्पा कुम्भार की जयंती मनाई गई

**आजमगढ़।** जहानागंज ब्लॉक के ग्राम सभा भुजही में अखिल भारतीय कुम्भकार महासभा फोरम के तत्वावधान में रत्नप्पा भरमप्पा कुम्भार की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंगेश प्रजापति, मुख्य वक्ता अनिल प्रजापति तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में मूलचंद प्रजापति और हरेंद्र प्रजापति ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सत्यम प्रजापति ने किया, जबकि अध्यक्षता बांकेलाल प्रजापति ने की। वक्ताओं ने कहा कि रत्नप्पा भरमप्पा कुम्भार समाज के एक आइकन हैं। वे संविधान सभा के सदस्य रहे और 24 जनवरी 1950 को संविधान के अंतिम मसौदे पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ हस्ताक्षर किए। इसके बाद वर्ष 1952 में वे पहली लोकसभा के सांसद चुने गए। वक्ताओं ने कहा कि इतिहास में ऐसे तमाम महापुरुषों के योगदान के साथ न्याय नहीं हुआ और उन्हें अपेक्षित पहचान नहीं मिल सकी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पृष्ठ 1 का शेष

**2000 से अधिक पेमेंट...**

वित्त मंत्रालय ने इस बाबत नोटिफिकेशन जारी कर यह स्थिति साफ कर दी है। अब 2,000 तक के यूपीआई पेमेंट पर बैंक या पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर कोई डायरेक्ट या इनडायरेक्ट चार्ज नहीं लगा सकेंगे। रुपे डेबिट कार्ड से होने वाले पेमेंट को भी इस छूट में शामिल किया गया है।

दरअसल, अगस्त में संसद से टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) एक्ट, 2026 पास होने के बाद यूपीआई पेमेंट पर चार्ज को लेकर चर्चा शुरू हुई थी। आशंका थी कि 2,000 से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट लगाया जा सकता है। इससे बड़े पेमेंट लेने वाले दुकानदारों और कारोबारियों की लागत बढ़ने की बात कही जा रही थी। इसका सीधा असर ग्राहकों पर पड़ने की आशंका थी।

सरकार ने यूपीआई को प्रमोट करने और फ्री रखने के लिए 2021-22 से प्रोत्साहन योजना शुरू की थी। इसके तहत ग्राहक से छोटे दुकानदार को होने वाले 2,000 तक के यूपीआई पेमेंट पर 0.15% इंसेंटिव दिया जाता था। 2024-25 तक इस पर 8,276 करोड़ का इंसेंटिव दिया गया। देश में जून 2026 तक करीब 55.5 करोड़ यूपीआई यूजर्स थे।

**पीएम मोदी से राहुल...**

डिजिटल पेमेंट का रास्ता खोलने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

राहुल ने सोशल मीडिया एक्स पर हिंदी में लिखा, "मोदी सरकार ने चुपचाप यूपीआई पर फीस लगाने का रास्ता खोल दिया है। अब 2,000 से ऊपर के यूपीआई लेन-देन पर एमडीआर लगाया जा सकता है। इन ट्रांजैक्शंस की संख्या भले ही सिर्फ 5% हो, लेकिन यूपीआई के कुल ट्रान्जैक्शन का करीब 65% इन्हीं में है। सरकार कहती है कि ग्राहक से कोई फीस नहीं ली जाएगी। लेकिन दुकानदार पर लगने वाली फीस आखिर आएगी कहां से? कीमतों में जुड़कर ग्राहक की जेब से।" नेता विपक्ष ने आगे लिखा, अमेरिकी पेमेंट कंपनियां लंबे समय से भारत की जीरो एमडीआर नीति का विरोध करती रही हैं। अब मोदी सरकार ने ठीक उसी दिशा में नीति बदलने का रास्ता खोल दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि व्यापारियों पर एमडीआर (व्यापार रियायत दर) का अतिरिक्त बोझ डाला जाता है तो वह अंततः वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में शामिल होकर आम उपभोक्ता से ही वसूला जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई से परेशान जनता को राहत देने के बजाय सरकार उसकी जेब पर अतिरिक्त बोझ डालने की तैयारी कर रही है। खरगे ने कहा, "10 वर्ष पहले नोटबंदी को डिजिटल भुगतान और कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उपाय के तौर पर पेश किया गया था। ऐसे में अब यूपीआई पर शुल्क लगाने की संभावित व्यवस्था सरकार की उस नीति पर सवाल खड़े करती है।"

**अश्नीर ग्रोवर बोले...**

कारोबारियों के लिए कैश मैनेज करने की लागत बढ़ जाएगी। ग्रोवर ने कहा, "जो चीज पहले से ही ठीक से काम कर रही है, उसमें आप दखल क्यों दे रहे हैं? आपको हर चीज में दखल देने की क्या जरूरत है? मुफ्त यूपीआई ही असली यूपीआई है। अगर आप यूपीआई के लिए पैसे लेने लगेंगे तो समझ लीजिए कि यह खत्म हो गया-इसे 'टाटा, बाय-बाय' कह दीजिए।"

**बंगाल सरकार को...**

ऐसे में संबंधित प्राधिकरण को निर्देश दिया गया कि नई इमारत बनने और उसका कब्जा याचिकाकर्ताओं को सौंपे जाने तक उन्हें बिना किसी शुल्क के वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराया जाए। यह आवास संभव हो तो उसी इलाके में दिया जाए।

**पीएम मोदी बुरे...**

के साथ दिक्कत ये है कि उन्हें लगता है उन्हें सबकुछ पता है। उन्होंने कहा- उनमें और राहुल गांधी में एक समानता है। उन्हें भी मेरी तरह पता है कि सीजेपी मूवमेंट को अरविंद केजरीवाल ने फंड किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी में कंसिस्टेंसी की कमी है।

**कैबिनेट सहयोगी...**

प्रतिपक्ष और वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता माता प्रसाद पाण्डेय से उनके निजी आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनसे विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

डॉ.संजय निषाद और माता प्रसाद पांडेय की मुलाकात की जानकारी सामने आते ही उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में अटकलों का बाजार गरम हो गया। लोग सवाल उठाने लगे कि ये वाकई शिष्टाचार भेंट ही थी या फिर इसके पीछे कोई सियासी मकसद भी है। इस बीच डॉ.संजय निषाद का एक और बयान आया है जिसे यूपी चुनाव से पहले गठबंधन राजनीति में अपना दावा मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। निषाद ने कुछ निजी चैनलों से अलग-अलग बात करते हुए सपा के साथ गठबंधन की संभावनाओं पर कहा कि जब सपा ने दरवाजा बंद किया था तो वह भाजपा के साथ गए थे। यदि भाजपा दरवाजा बंद करेगी तो विचार करेंगे।

**राम मंदिर में नई लक्ष्मण...**

के संबंध में निर्देश दिए जा चुके हैं। सीईओ ने भी कार्यभार संभालने के बाद मंदिर से जुड़े कर्मचारियों को अनधिकृत रूप से सूचना साझा नहीं करने और व्यवस्था की गोपनीयता बनाए रखने की नसीहत दी है। रामलला की सेवा में लगे पुजारियों के लिए भी अब नियम सख्त किए जा रहे हैं। पुजारियों को मंदिर के अंदर की गतिविधियों और व्यवस्थाओं समेत मंदिर में सेवा के दौरान होने वाली आंतरिक व्यवस्थाओं को सार्वजनिक करने पर रोक लगाई गई है। मंदिर में पुजारी मोबाइल का भी इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मड़ुआ, सांवा और कोदो की उन्नत खेती सीखेंगे जिले के किसान

**बलिया।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन 2026-27 के न्यूट्री सीरियल घटक के तहत जिले के किसानों को मिलेट्स की खेती, उत्पादन और प्रसंस्करण की उन्नत तकनीक का प्रशिक्षण दिलाने के लिए किसानों का दल बिहार के समस्तीपुर स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के लिए रवाना हुआ। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण में किसानों को मड़ुआ, सांवा, कोदो समेत अन्य मोटे अनाजों की वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही मिलेट्स के उत्पादन, प्रसंस्करण तथा उससे विभिन्न पौष्टिक व्यंजन तैयार करने की विधि के बारे में भी किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जनपद से अधिकारी एवं कर्मचारियों समेत 10 सदस्यीय दल प्रशिक्षण के लिए रवाना हुआ। उप निदेशक कृषि बलिया मनीष कुमार सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। उन्होंने कहा कि मिलेट्स की खेती किसानों के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ पोषण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीक की जानकारी मिलेगी, जिससे वे अपने खेतों में मिलेट्स का बेहतर उत्पादन कर सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मिलेट्स की खेती के लिए भूमि की तैयारी, उन्नत प्रजातियों का चयन, बुवाई, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा फसल की कटाई और भंडारण की तकनीक की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मिलेट्स के मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण के जरिए अतिरिक्त आय अर्जित करने के तरीकों से भी किसानों को अवगत कराया जाएगा। कृषि विभाग का उद्देश्य किसानों को मोटे अनाजों की खेती के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ ही मिलेट्स के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण से लौटने के बाद किसान सीखी गई तकनीकों को अपने क्षेत्र के अन्य किसानों तक भी पहुंचाएंगे।

### गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए 20 तक करें आवेदन

बलिया। मानवाधिकार की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को प्रदेश सरकार की ओर से गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2026-27 के लिए पुरस्कार हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रदेश सरकार की ओर से गुरु गोविंद सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर दिए जाने वाले इस पुरस्कार के तहत चयनित व्यक्ति को एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा, जिसने मानवाधिकार की रक्षा, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस कार्य के प्रति पूर्णतया समर्पित रहा हो। पुरस्कार के लिए निर्धारित अर्हताओं के अनुसार आवेदक भारत का मूल निवासी होना चाहिए और उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर सामान्यतया निवास करता रहा हो। आवेदक का मानवाधिकार, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान होना आवश्यक है। इसके साथ ही आवेदक को पूर्व में गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा यह पुरस्कार प्रदान न किया गया हो। इसके अलावा किसी आपराधिक मामले में न्यायालय द्वारा दंडित व्यक्ति पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होगा। आवेदक के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित भी नहीं होना चाहिए। इच्छुक पात्र व्यक्ति अपना आवेदन 20 सितंबर 2026 तक जिला सूचना कार्यालय, जनता मार्केट, निकट चित्तू पाण्डेय चौराहा, बलिया में जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों पर जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद इन्हें 30 सितंबर 2026 तक शासन को भेजा जाएगा। पात्र व्यक्तियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के दोषी को आजीवन कारावास

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत बलिया पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी अभियुक्त को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक बलिया ओमवीर सिंह के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन शाखा द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा. न्यायालय अरख-8/पॉक्सो एक्ट, बलिया ने थाना नगरा में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 176/2025, धारा 65(2) बीएनएस एवं 5(ङ), 5(ट) पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में अभियुक्त भरत ठाकुर पुत्र विश्वनाथ ठाकुर उर्फ शिवनाथ ठाकुर, निवासी सरया बगड़ौरा, थाना नगरा, जनपद बलिया को दोषसिद्ध करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास (शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक) तथा 50,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। **यह था पूरा मामला-** पुलिस के अनुसार, 11 जुलाई 2025 को पीड़िता के पिता ने थाना नगरा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर थाना नगरा में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मामले की सुनवाई के दौरान बलिया पुलिस के मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन शाखा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई। पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को सजा दिलाने के लिए मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन शाखा द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है।

### प्रधानमंत्री के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभु सेवा का आयोजन होगा

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आगामी सेवा संकल्प अभियान को लेकर आजमगढ़ जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत योजना एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प एवं सेवा को समर्पित सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ह्यसेवा संकल्प अभियान–जन सेवा ही प्रभु सेवाह्न का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर 13 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



उन्होंने बताया कि अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर होगी। इसी क्रम में 17 सितंबर की शाम ठीक 7 बजे देशभर में एक साथ दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। भाजपा कार्यकताओं एवं आमजन से इस कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई। बैठक में पदाधिकारियों को अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपने तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं से सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ऋषिकेश दुबे,पवन सिंह मुन्ना, आनंद सिंह, सुरेंद्र राजभर, अवनीश मिश्रा, विपिन राय, विभा बरनवाल, अनीता पटेल, शोभित श्रीवास्तव, मनोज गिरी, विवेक निषाद, जितेंद्र राय, सुजीत सिंह टीका आदि उपस्थित रहे।

### एआई मंथन में जेएनसीयू की रही सहभागिता

**बलिया।** राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभप्रद उपयोग करने के उद्देश्य से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में राज्य विश्वविद्यालयों को दो दिवसीय 'ए.आई. मंथन 2.0/ ए. आई. शिखर सम्मेलन' आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र कुमार शुक्ल के नेतृत्व में कुलसचिव एस. एल. पाल, डॉ. पुष्पा मिश्रा, शैक्षणिक निदेशक, डॉ. प्रियंका सिंह, आई.क्यू.ए.सी. हेड, हर्ष त्रिपाठी एवं कन्हैया पाण्डेय की टीम ने सहभागिता की। इस सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न आयामों, शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य, कृषि, शासन, रोजगार एवं तकनीकी विकास में इसकी संभावनाओं सहित विश्वविद्यालय प्रशासन में एआई की उपयोगिता पर देशभर से आए विशेषज्ञों व शिक्षाविदों द्वारा विचार-विमर्श किया गया। एआई मंथन-2.0 का उद्देश्य एआई को उच्च शिक्षा की व्यवस्थाओं से जोड़ते हुए नई दिशा में आगे बढ़ना था। इसमें उच्च शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा शिक्षा के लिए क्षेत्र-विशिष्ट एआई मॉडल, एआई उत्पादों तथा उनके व्यावहारिक उपयोग पर चर्चा हुई। डाटा एनालिटिक्स और एआई के माध्यम से शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के बीच की खाई को पाटने पर भी विचार-विमर्श हुआ। भविष्य में एआई आधारित करियर एक्सेलेरेटर, स्टार्टअप इंजन, स्मार्ट कंटेंट जेनरेशन टूल, स्वचालित ग्रेडिंग प्रणाली तथा एआई समर्थित प्रवेश प्रक्रिया जैसी व्यवस्थाओं की संभावनाओं पर कार्य करने पर विचार किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदया के निर्देश पर सभी राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा अकादमिक, प्रशासनिक प्रगति एवं भविष्य की कार्य योजनाओं के सन्दर्भ में अपनी प्रस्तुति दी। जेएनसीयू के कुलपति प्रो. नरेन्द्र कुमार शुक्ल ने भी विश्वविद्यालय की प्रगति, उपलब्धियों, नवाचारों तथा शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रेजेन्टेशन दिया।

# बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने मैनपुर में किया सड़क जाम

## अधिशासी अभियंता के लिखित आश्वाशन पर धरना समाप्त

**बिजली के नाम पर कभी आठ घंटे तो कभी चार घंटे ही मिलती है**

**भारत एकता टाइम्स**



**करंडा (गाजीपुर)।** मैनपुर विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति में सुधार न होने से गुस्साए ग्रामीणों ने 15 सितंबर को गाजीपुर-चोचकपुर मार्ग जाम कर दिया। ब्लाक के अन्य तीन उपकेंद्रों की खराब आपूर्ति से क्षेत्रीय लोंगो में असंतोष बढ़ रहा है। पिछले चार महीने में इन उपकेंद्रों पर धरना-प्रदर्शन तालाबंदी के बाद अधिशासी अभियंता विद्युत आपूर्ति 18 घंटे देने का लिखित आश्वाशन दिया जा चुका है। इसके बावजूद विद्युत आपूर्ति में कोई सुधार नही हुआ। जाम की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी मान मनौव्वल के बाद भी ग्रामीण नहीं माने। ज्ञात हो कि ब्लाक के चारों उपकेंद्र चोचकपुर, करंडा, नागाबाबा, मैनपुर उपकेंद्र से ब्लाक के लगभग 50 गांव मजरे में विद्युत आपूर्ति की जाती है। पिछले चार महीने से इन उपकेंद्रों से विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल अनुसार नही की जा रही है। कभी पंद्रह घंटे तो कभी आठ घंटे तो कभी दो से तीन घंटे विद्युत सप्लाई मिलती है। इस दौरान लो वोल्टेज और बार बार की ट्रिपिंग भी होती रहती हैं। पूछताछ में हर बार जौहर गंज की मेन लाइन खराब होने का हवाला दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारी भी मनमाने ढंग से सप्लाई देते है। रात्रि में इनका रवैया बेहद खराब रहता है।

### पहले भी हुआ है धरना

21 मई के दिन मैनपुर उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन हुआ था, जहां आठ घंटे बाद अधिशासी अभियंता द्वारा 18 घंटे आपूर्ति का लिखित आश्वाशन दिया गया।28 जुलाई को नागा बाबा उपकेंद्र पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन व तालाबंदी किया। आश्वासन मिलने के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ था। पांच अगस्त के दिन चोचकपुर उपकेंद्र पर ग्रामीणों ने लगभग छः घंटे खराब विद्युत आपूर्ति को लेकर धरना-प्रदर्शन किया था। वहां भी अधिशाषी अभियंता ने 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का लिखित आश्वासन दिया था।लिखित आश्वासन के लाली पाप से तंग आकर ग्रामीण मंगलवार के दिन सड़क पर उतर आये। सुबह नौ बजे से चल रहा सड़क पर चल रहा धरना प्रदर्शन पांच घन्टे तक चला। मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता सुधाकर सिंह ने पुनः आश्वासन दिया कि उपकेंद्र पर 24 घंटे व विद्युत आपूर्ति 18 घंटे बहाल रहेगी। एक बार फिर आश्वासन से आशन्वित ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शम समाप्त किया।जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, कानूनगों रविन्द्र गुप्ता, मांझा कोतवाली सहित करंडा पुलिस मौजूद रही।

## बिजली कटौती व गलत बिल को लेकर एक्सईन को सौंपा पत्र



**जमानियां (गाजीपुर)।** अघोषित बिजली कटौती, जर्जर तारों और गलत बिजली बिलों की समस्याओं को लेकर स्थानीय नगर सहित दर्जनों गाँवो के ग्रामीणों में आक्रोश है।मंगलवार को ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता प्रह्लाद कुमार को ज्ञापन सौंपकर जनहित में समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। अधिशासी अभियंता प्रह्लाद कुमार को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया की जमानियां एवं फूली उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में शाम और रात के समय अनिश्चित बिजली कटौती की जा रही है।जिससे लोग त्रस्त है।बार-बार होने वाले फॉल्ट से निजात के लिए पुराने तारों को तत्काल बदला जाय।गलत बिजली बिलों से परेशान उपभोक्ताओं के लिए स्थानीय स्तर पर शिकायत निवारण शिविर आयोजित कर समस्याओं का समाधान। इस मौके पर विजय यादव प्रदेश सचिव सपा, जिंप पंचायत सदस्य बसंत यादव,शंभू यादव, निजामुद्दीन राईन, रविकांत सिंह, रोहित सिंह, कमलेश यादव, ओम प्रकाश यादव आदि शामिल है।

## विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

**रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है**

**भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर**



उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला फीता काटकर किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महासंघ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जनहित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।जिलाधिकारी ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होने कहा कि हमारे द्वारा किया जाने वाला प्रत्येक कार्य जनहित एवं जनकल्याण की भावना से प्रेरित होना चाहिए। कोई भी कार्य केवल औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि जनता की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए ऐसी कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए, जिससे बाढ़ के प्रभाव को कम किया जा सके और आमजन को होने वाली परेशानियों से प्रभावी ढंग से निजात दिलाई जा सके। इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन, आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का विकास, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा बाढ़ से बचाव के लिए स्थायी एवं प्रभावी उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सड़क, पुल, नाली, जल निकासी, सिंचाई एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और स्थायित्व पर विशेष ध्यान देते हुए ऐसी कार्ययोजनाएं बनाई जाएं, जो भविष्य की आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखकर तैयार हों।

# घर-घर जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'

**सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक**

**भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर**



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल की अध्यक्षता में 15 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों की अंतरविभागीय बैठक की गई। बैठक में सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा एवं कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रभारी मंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों, नीतिगत सुधारों तथा विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही नागरिकों को 'विकसित भारत-2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना है। अभियान के तहत 13 प्रमुख कार्यक्रमों के साथ विभिन्न विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों के माध्यम से अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम की पूर्व तैयारी, विभागवार कार्ययोजना, जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जा रहे है। प्रभारी मंत्रीजी ने निर्देश दिया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की अद्यतन सूची तैयार की जाए। अभियान की कार्ययोजना में विकास कार्यों एवं लाभार्थियों के 'पहले और बाद' के बदलाव को भी प्रदर्शित करने पर विशेष जोर दिया गया है।बैठक में सीडीओ ने बताया कि अभियान के दौरान 'आशीर्वाद का दीया', '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'वडनगर-सेवाराणसी यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियानकृसरकार आपके द्वार', 'रंगोली राष्ट्र', 'राष्ट्रीय इनोवेशन चौलेंज' तथा 'जनसेवा महाकुंभ' जैसे 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 सितम्बर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के अंतर्गत सायं 7 बजे दीप प्रज्वलन होगा। साथ ही ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगों को उपकरण, उद्यम विभाग द्वारा लाभार्थियों को टूल किट वितरित किए जाएंगे। वहीं 'सेवा मेरा योगदान' के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता, नदी-घाटों की सफाई, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहयोग, करियर काउंसलिंग, नशामुक्ति, मतदाता जागरूकता सहित विभिन्न सेवा गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि यह अभियान केवल आयोजन तक सीमित नहीं रखा जाएगा बल्कि अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत से लेकर नगरीय क्षेत्र तक प्रत्येक स्तर पर प्रभावी समन्वय के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे तथा प्रतिदिन की प्रगति को निर्धारित माध्यम पर दर्ज किया जाएगा। अभियान की गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक प्रचार-प्रसार दिए जाने पर भी जोर दिया जाएगा। प्रभारी मन्त्री ने कहा कि समस्त संभ्रांत नागरिकों, स्वयं सेवी, सहित अन्य के साथ समन्वय करते हुए आशीर्वाद का दिया के अंतर्गत अपने घरों में उस दिन दिया जलाने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के पूर्व समस्त सरकारी भवनों एवं स्मारकों, गो आश्रय स्थलों सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर साफ सफाई की जाए। इसके साथ ही प्रमुख परियोजनाओं, स्थलों पर दीप प्रज्वलित किए जाएं, मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षण के लिए खुशी का चयन

**जमानिया (गाजीपुर)।** क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को निखारने में जुटी 'द्रोणा तीरंदाजी अकादमी' के लिए यह क्षण अत्यंत ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण साबित हुआ है। अकादमी की प्रतिभावान तीरंदाज कुमारी खुशी श्रीवास्तव का चयन अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण (फॉरेन एक्सपोजर) के लिए हुआ है। इसके साथ ही वह द्रोणा तीरंदाजी अकादमी और जिले से यह मुकाम हासिल करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं।यह चयन भारतीय खेल प्राधिकरण के 'उत्कृष्टता केंद्र' सोनीपत (हरियाणा) में आयोजित चयन स्पर्धा में हुआ। जिसमें देशभर के शीर्ष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। अपनी प्रतिभा और कड़े अभ्यास के दम पर खुशी ने यह उपलब्धि हासिल की। आगामी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर प्रोग्राम के तहत वह अटलांटा और तुर्कीए में विशेषज्ञों से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। कोच सतीश दुबे की वर्षों की अथक मेहनत, अनुशासित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है। कोच सतीश दुबे ने जमीनी स्तर पर खुशी की प्रतिभा को पहचाना और उनकी तकनीकी बारीकियों को तराशा। गौरतलब है कि खुशी इससे पूर्व सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**मऊ।** हिंदी दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब प्राइड मऊ द्वारा मंगलवार को चन्द्रा इंटरनेशनल स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ह्लक्या व्यक्ति की पहचान उसकी उपलब्धियों से होती है या उसके चरित्र सेह्व इस विषय पर छात्र-छात्राओं ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भाषा-शैली और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे। प्रथम पुरस्कार येलो हाउस की कामया राय, वैश्वी राय, अनुष्का सिंह, मणिकर्णिका राय, द्वितीय पुरस्कार ब्लू हाउस की आस्था चैहान, श्रेयांश राय, कृष कुमार सिंह, ऋषभ सिंह, तृतीय पुरस्कार रेड हाउस की निहारिका चैधरी, कसफ फिरदौस, सूर्य प्रताप यादव, अदिति और चतुर्थ पुरस्कार ग्रीन हाउस की श्वेता, राघव रंजन, मानसी सिंह, रिशव रंजन रहे। सभी विजेताओं को जो पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम संयोजक चंद्रा इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक और कार्यक्रम संयोजक विजय बहादुर पाल ने कहा कि हिंदी दिवस केवल भाषा के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर नहीं, बल्कि हिंदी को व्यवहार और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बनाने का संकल्प लेने का दिन भी है। क्लब के अध्यक्ष विशाल शर्मा और सचिव डॉ रघुनन्दन अग्रवाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग के लिए विद्यालय परिवार और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी, जितेंद्र राखोलिया, पंकज खंडेलवाल, अनूप खंडेलवाल, सौरभ मधेसिया, गिरिराज शरण अग्रवाल, अजय अग्रवाल उपस्थित थे।

### कम जेंडर रेशियो वाले बूथों पर चलेगा विशेष अभियानः एसडीएम



**भदोही।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में महिला मतदाताओं का लिंगानुपात बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग ने कवायद तेज कर दी है। मंगलवार को तहसील सभागार भदोही में कम जेंडर रेशियो वाले बूथों के बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी चंद्रकांत त्रिपाठी ने बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन पात्र महिलाओं के नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, उनका फार्म-6 भरवाकर नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। साथ ही मृतक, स्थानांतरित और दोहरे नाम वाले मतदाताओं को चिह्नित कर फार्म-7 के माध्यम से सूची से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में तहसीलदार व नायब तहसीलदार भदोही के अलावा रजिस्ट्रार कानूनगो धर्मेंद्र सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर जीवेश रावत, अभिराम प्रसाद समेत संबंधित बीएलओ मौजूद रहे। अधिकारियों ने मतदाता सूची को शुद्ध और अधिक समावेशी बनाने के लिए अभियान को गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए।

### भाकपा ने मस्जिद गिराने की कार्रवाई को बताया गलत



**भदोही।** सहारनपुर में मस्जिद गिराए जाने के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भाकपा माले लिबरेशन तथा आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के कार्यकताओं ने मंगलवार को प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। वामदलों ने मामले में अवैधानिक तरीके से कार्रवाई किए जाने का आरोप लगाते हुए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पांच सितंबर की भोर में सहारनपुर में मस्जिद को गिराया गया। वामदलों का दावा है कि मस्जिद की भूमि याकूब खां और वहीद खां के नाम बताई जा रही है तथा मस्जिद वर्ष 1911 में निर्मित हुई थी, जबकि सहारनपुर कलेक्ट्रेट का निर्माण उसके काफी बाद हुआ। ज्ञापन में कहा गया कि उपलब्ध साक्ष्य मस्जिद के पक्ष में हैं, ऐसे में हुई कथित गलती को ठीक किया जाना चाहिए। वामदलों ने मांग की कि मस्जिद गिराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को चिह्नित कर दंडित किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने मस्जिद को उसी स्थान पर दोबारा बनवाने और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा दिलाने की भी मांग उठाई। ज्ञापन देने के दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### जनसमस्याओं को लेकर किसान सभा मुखर, तहसील में धरना-प्रदर्शन



**भदोही।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने मंगलवार को तहसील भदोही में धरना-प्रदर्शन कर बढ़ती महंगाई और किसानों व आम जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष इंद्रदेव पाल ने कहा कि खाद्यान्न वस्तुओं के लगातार बढ़ते दाम से आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण के साथ ही गैस, पेट्रोल और डीजल के बढ़े दाम कम करने की मांग की गई। ज्ञापन में बिजली की दर कम करने, फर्जी तरीके से लोड बढ़ाने पर रोक लगाने और अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग भी की गई। किसान सभा ने जिले में बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा बारिश से क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों की मरम्मत कराने तथा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया सरल करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। इस दौरान किसान सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाइक हादसे में 50 वर्षीय चालक की मौत, साथी घायल

**भदोही।** सुरियावां कोतवाली क्षेत्र के खरगपुर यादव बस्ती के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बांस की कोठ में जा घुसी। हादसे में बाइक चला रहे पुरेमनोहर अभिया निवासी शिव प्रसाद साव उर्फ मझीले (50) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठे उनके साथी अनिल हलवाई (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल घायल अनिल हलवाई को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर सुरियावां पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। शिव प्रसाद की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

### स्नान के दौरान गंगा में डूबा वृद्ध, तलाश के बाद मिला शव

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के बेरासपुर गंगा घाट पर मंगलवार को स्नान करने के दौरान गंगा में डूबे वृद्ध का शव स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने बरामद कर लिया। प्रारंभ में शव की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद मृतक की पहचान पंचलाल यादव (वृद्ध), पुत्र बुधुन यादव, निवासी जगन्नंदनपट्टी, थाना गोपीगंज के रूप में हुई। बताया जाता है कि मंगलवार को पंचलाल यादव गंगा स्नान के लिए बेरासपुर घाट पहुंचे और स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर घाट पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही गोपीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा नदी में तलाश शुरू कराई। गोताखोर प्रेम सागर निषाद, राममिलन निषाद, गोरख निषाद, बच्चन निषाद और सुनील निषाद ने काफी मशक्कत के बाद वृद्ध का शव नदी से बाहर निकाला। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### जिले में बढ़ेगी सरकारी आवासों की संख्या

**भदोही।** अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जिले में 113 नए सरकारी आवासों के साथ पुलिस लाइन में दो टावर का ट्रांजिट हॉस्टल बनाया जाएगा। मंगलवार को सांसद डॉ. विनोद बिन्द, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे और जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने भूमि पूजन कर परियोजनाओं का शुभारंभ किया। लोक निर्माण विभाग के भवन सेल की ओर से प्रस्तावित परियोजनाओं में अधिकारियों के लिए टाइप-5 के पांच और टाइप-4 के 60 आवास शामिल हैं। वहीं ज्ञानपुर तहसील में टाइप-1 के 19, टाइप-2 के 20, टाइप-3 के पांच और टाइप-4 के चार, कुल 48 आवास बनाए जाएंगे।

# जिला अस्पताल से फरार पचास हजार का इनामियां बदमाश गिरफ्तार

**भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर**



सदर कोतवाली पुलिस ने पुलिस अभिरक्षा से जिला अस्पताल से फरार 50 हजार के ईनामिया आरोपी सुधीर उर्फ ध्रुव पासी को चौकिया मोड से गिरफ्तार किया है।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रमोद कुमार सिंह, निरीक्षक देवेन्द्र कुमार मिश्रा तथा उपनिरीक्षक सत्येन्द्र कुमार यादव चौकिया मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ओवरब्रिज के नीचे पहुंचकर वाहन चेकिन करने लगी। इसी बीच एक युवक तेज गति से बाइक लेकर जा रहा था। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही बाइक तेज कर दिया।पुलिस ने घेराबंदी करने लगी। भागने के दौरान उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा कर गिर पड़ा। पुलिस ने पुलिस ने सुधीर पासी को बिना किसी मुठभेड़ के गिरफ्तार कर लिया। गिरने से उसके पैर में चोट लगी थी। पुलिस उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गई। मालूम हो कि 29.अगस्त को नोनरा गांव निवासी सुधीर उर्फ ध्रुव पासी जो न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार में निरुद्ध था। उसे उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भरती कराया गया था। इसी दौरान शौच के बहाने शौचालय की जाली तोड़कर फरार हो गयाथा। इस मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज किया गया था। लापरवाही करने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई भी हुई। उसके ऊपर पचास हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। पकड़े गये ध्रुव के ऊपर कुल पैतीस मुकदमे दर्ज है।

### नगदी, आभूषण व रिवाल्वर चोरी में आठ माह बाद मुकदमा दर्ज

**जमानियां (गाजीपुर)।** न्यायलय के निर्देश पर आठ माह पूर्व नगदी,आभूषण व लाइसेंसी बंदूक व रिवाल्वर चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने खरगशीपुर उर्फ नई बाजार निवासी मोहम्मद इकबाल खान की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। नई बाजार निवासी मोहम्मद इकबाल खान ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह किसी काम से लखनऊ गया था। घर की देखभाल की जिम्मेदारी अपनी पुत्री शबाना को सौंपा था ।जो रोजाना आती जाती है।लेकिन 13-14 जनवरी की रात अज्ञात बदमाश अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपया नकद, सोने के दो हार, झुमका, मनटीका, 12 अंगूठियां, झाला, डायमंड रिंग, नथिया, छपका, पाजेब (मोर वाला) और हाथ का पंजा,एक लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक, 32 बोर की रिवाल्वर और कारतूस चुरा लिए।14 जनवरी की सुबह जब पीड़ित की पुत्री पहुंची, तो पड़ोसियों ने घर का ताला खुला होने की जानकारी दी। अंदर जाने पर सामान बिखरा मिला और अलमारी से गहने, नकदी तथा दोनों असलहे गायब थे।

## विंध्य एक्सप्रेस-वे निर्माण में उचित मुआवजा की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा पत्रक

**भारत एकता टाइम्स**



**जमानियां (गाजीपुर)।** विंध्य एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए किसानों को भूमि का उचित मुआवजा न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर उचित मुआवजा की मांग की।यदि उन्हें सर्किल रेट के अनुसार उचित मुआवजा नहीं मिला तो अपनी जमीन एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए नहीं देंगे और आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। एसडीएम को सौंपे गए पत्र में ग्राम अभईपुर के काश्तकारों ने बताया कि मौजा अभईपुर, गहरपुरा, रजयाबांध और चौधरीपुर की जमीनों का मूल्य सरकार द्वारा आम कृषि दर से निर्धारित किया गया है जो बेहद कम और अनुचित है।यह भूमि पक्की सड़क, बैंक, अस्पताल और विद्यालयों के आसपास स्थित है तथा आवासीय उद्देश्य की श्रेणी में आती है। इसके बावजूद वर्तमान में सरकार सभी जमीनों का रेट कृषि दर के हिसाब से तय किया जा रहा है। जिससे स्थानीय किसानों और आम जनमानस में भारी रोष व्याप्त है।किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पर उचित विचार करते हुए आवासीय सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा तय नहीं किया गया तो वे सड़क भूमि अधिग्रहण के विरोध में अपनी भूमि देने से इनकार करेंगे और आमरण अनशन पर बैठने के लिए बाध्य होंगे।ज्ञापन सौंपने वाले कृपाशंकर पांडेय,अवधेश पांडेय,अनिक सिंह, मदन मोहन तिवारी, सुभाष चन्द्र गुप्ता, विन्ध्याचल सिंह, पंकज सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, राम भरोसे गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, मनीष कुमार सिंह, प्रेम नारायण सिंह, नितीश सिंह, विनीत तिवारी सहित ग्राम सभा अभईपुर के कई अन्य किसान व ग्रामीण शामिल रहे।

## कल्पनाथ राय मेडिकल कॉलेज में कल से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा

**ऑपरेशन का खर्च होगा आधा इलाज की राहत मिलेगी दोगुनी**

**भारत एकता टाइम्स/ मऊ**



कल्पनाथ राय मेडिकल कॉलेज के सभागार में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में निदेशक डॉ. मनीष राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान महिला रोग विभाग में उपचार और प्रसव संबंधी सेवाओं का लाभ लेने वाली महिलाओं को विशेष राहत दी जाएगी। डॉ. मनीष राय ने बताया कि सेवा पखवाडे. के तहत महिला रोग विभाग में ऑपरेशन के लिए आने वाली महिलाओं को निर्धारित शुल्क में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। सामान्य तौर पर पांच हजार रुपये में होने वाला ऑपरेशन अब पखवाडे. के दौरान महज ढाई हजार रुपये में किया जाएगा। इसी तरह सामान्य प्रसव के लिए निर्धारित दो हजार रुपये का शुल्क घटाकर मात्र एक हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दवाओं पर पहले से दी जा रही 50 फीसदी की छूट भी जारी रहेगी। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इलाज कराने में काफी राहत मिलने की उम्मीद है। निदेशक डॉ मनीष राय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को मेडिकल कॉलेज परिसर में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मऊ के अलावा आसपास के अन्य जिलों से भी लोग पहुंचकर रक्तदान करेंगे।

# बच्ची की फरियाद पर जागा प्रशासन

**चंद दिनों में बन गया रास्ताय डीएम ने समारा को दिया उपहार**

**भारत एकता टाइम्स/ मऊ**



### जिलाधिकारी ने भटकुला पट्टी पहुंचकर सड़क की गुणवत्ता का किया स्थलीय निरीक्षण

नगर पालिका परिषद के अंतर्गत भटकुला पट्टी स्थित वार्ड नंबर-17 में रास्ता निर्माण को लेकर कक्षा-1 की छात्रा समारा नाज द्वारा जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जिसके क्रम में रास्ता निर्माण का कार्य पूर्ण करा लिया गया। मंगलवार को जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन द्वारा मौके पर पहुंचकर नवनिर्मित रास्ते का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आसपास की गलियों का भी सर्वे कराकर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद कर क्षेत्र की अन्य समस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा प्राप्त समस्याओं के नियमानुसार एवं समयबद्ध ढंग से समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने छात्रा समारा नाज से मुलाकात की तथा उसे साइकिल एवं चॉकलेट उपहार स्वरूप भेंट की। रास्ते का निर्माण पूर्ण होने और उपहार पाकर समारा नाज काफी प्रसन्न हुई। बच्ची एवं उसके परिजनों द्वारा जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान आसपास के स्थानीय लोगों ने भी क्षेत्र में कराए गए कार्यों तथा जिलाधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर समस्याओं का जायजा लेने और उनके समाधान के लिए दिए गए निदेर्शों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेवा संकल्प अभियान को सकुशल संपन्न कराने हेतु बैठक संपन्न

**17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

**भारत एकता टाइम्स/ मऊ**



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा एवं विशेष कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों के प्रबंधक, व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के मध्य जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जनभागीदारी से जुडे. कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सार्वजनिक जीवन एवं सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना तथा प्रत्येक नागरिक को ह्यविकसित भारत/2047ह्ण के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्यालयों, व्यापारिक संगठनों एवं उद्यमियों से अभियान में सक्रिय सहभागिता करने तथा समाज के विभिन्न वर्गों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया।

# पंडालों में विद्वानों का सम्मान, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**गणेशोत्सव**

- कही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का तो कहीं शास्त्रार्थ प्रतियोगिता का आयोजन, दर्शन को उमड़ी रही भीड़

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**





काशी में गणेशोत्सव का उल्लास दूसरे दिन भी छाया रहा। पूजा पंडालों में गणपति पूजन के साथ ही विविध अनुष्ठान और प्रतियोगिताएं शुरू हो गईं। बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।ठठेरी बाजार स्थित शेरवाली कोठी में मुम्बई के सुप्रसिद्ध लालबाग का राजा की प्रतिमूर्ति श्रीगणेश का पांच दिवसीय श्रीगणेश उत्सव समारोह में दूसरे दिन मंगलवार को सुबह श्री काशी मराठा गणेश उत्सव समिति के संरक्षक सन्तोष पाटिल, सुहास पाटिल, सलाहकार तानाजी पाटिल, हणमंत राव मोरे, अध्यक्ष आनंद सूर्यवंशी, महामंत्री अन्ना मोरे कोषाध्यक्ष हनुमान शिंदे ने मराठी पद्धति से विधिवत पूजा अर्चना किया। विद्वान खुंटे महाराज ने श्रीगणेश का मंत्रोच्चार कर पूजन सम्पन्न कराया। सांयकाल फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजित रहा। जिसमें 76 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। डांस प्रतियोगिता में 81 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि डा दीपांजली मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि डा सुनीता डोंगर रही। मुख्य अतिथि डा रितु गर्ग, विशिष्ट अतिथि अन्यशा दत्त रही। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व डांस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय, विशिष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र,अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन चक्रवर्ती विजय नावड़, धन्यवाद ज्ञापन अशोक शिंदे ने किया।

## ज्ञान और संस्कारों का मूल आधार है संस्कृतः वैभव कृष्णा



आज के बच्चों को संस्कृत बोलते और श्लोक कहते देखकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई है। भाषा का मुख्य उद्देश्य संवाद है। जब हम आपस में संस्कृत में बात करेंगे, तो यह भाषा जीवित रहेगी और आगे बढ़ेगी। उक्त बातें शारदा भवन के गणेश उत्सव के द्वितीय दिवस पर आयोजित शास्त्रार्थ प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्णा ने कही। इन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं है, अपितु यह हमारी संस्कृति, ज्ञान और संस्कारों का मूल आधार है। यह देववाणी है, जिसमें शरीर, मन और बुद्धि को स्वस्थ रखने की अद्भुत शक्ति है। व्याख्यान में साहित्य विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को पंडित गौरीनाथ पाठक व इंदिराबाई पाठक रजत पदक से पुरस्कृत किया गया। व्याकरणशास्त्र में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को शिवकुमार शिवाचार्य महास्वामी रजत पदक प्रदान किया गया। प्रतियोगिताओं में कुल 104 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। तीसरे सत्र में विद्वत गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शामिल विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि आज का यह पावन अवसर हमारे समाज के मनीषियों और ज्ञान के दीप जलाने वाले विद्वानों के अभिनंदन का है। संचालन डा.विनोद राव पाठक ने व धन्यवाद ज्ञापन यादव राव पाठक ने दिया। अन्य उपस्थित विद्वानों में पूर्व कुलपति प्रो. राजाराम शुक्ल, प्रो.नागेंद्र पाण्डेय, डा.गणेश दत्त शास्त्री, प्रो.रमाकांत पाण्डेय, डा. दिव्यचेतन ब्रह्मचारी, ज्योतिषाचार्य अमोद दत्त शास्त्री, डा.पवन शुक्ला, डा.उमाशंकर त्रिपाठी, अभिषेक उपाध्याय, आचार्य संजय उपाध्याय आदि रहे। स्वागत कपिल पाठक व संयोजन वरद व स्वप्निल पाठक ने किया।

# सीसीटीवी की निगरानी में होगे सीवर व पेयजल कार्य

## स्मार्ट सिटी और महापौर कार्यालय से सीधे लिंक रहेंगे साइटों पर लगे कैमरे, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**दिशा-निर्देश**

- महापौर ने जंगमवाड़ी, शिवाला नगवा और बंगाली टोला में कार्य शुरू करने का दिया निर्देश

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**

नगर निगम शहर के 22 प्रभावित वार्डों में सीवर और पेयजल पाइपलाइन बिछाने के महाअभियान को पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कराने के लिए कटिबद्ध है। इस क्रम में कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही रोकने के लिए अब सभी कार्य स्थलों (साइटों) की निगरानी सीसी कैमरों के जरिए की जाएगी। सिगरा स्मार्ट सिटी कार्यालय में मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में महापौर अशोक कुमार तिवारी ने अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को सख्त चेतावनी देते हुए पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में महापौर ने स्पष्ट किया कि सीवर व पेयजल लाइन बिछाने के दौरान किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन-जिन साइटों पर काम चलेगा, वहां सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों को स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम के साथ-साथ नगर निगम मुख्यालय तथा स्मार्ट सिटी से सीधे लिंक किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों की प्रगति पर सीधे नजर रखी जा सके। इसके अलावा जल निगम को मेन लाइन और ब्रांच लाइन के कार्यों का पूरा विवरण, प्रतिदिन का लक्ष्य और रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने को कहा गया है। महापौर ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान जनता को थोड़ी अस्थायी असुविधा जरूर हो सकती है, लेकिन यह एक साल का कष्ट आने वाले दशकों के लिए एक स्थाई और सुदृढ़ समाधान लेकर आएगा।



### सीवर ओवरफ्लो और जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी

बैठक के दौरान महापौर ने जल निगम को कड़े निर्देश दिए कि जिन चार वार्डो में (जंगमवाड़ी, शिवाला, नगवा और बंगाली टोला) में भूमि पूजन हो चुका है, वहां 16 सितंबर से सीवर एवं पेयजल पाइपलाइन बिछाने का काम हर हाल में शुरू कर दिया जाए। बता दें कि 2161 करोड़ रुपये की इस महापरियोजना के तहत शहर के प्रभावित इलाकों में 353.13 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन और 651.64 किलोमीटर लंबी पेयजल पाइपलाइन बिछाई जानी है, जिससे शहरवासियों को अगले 70 वर्षों तक सीवर ओवरफ्लो और जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी।

### आगामी भूमि पूजन का शेड्यूल तय

- 20 सितंबर : सरायनंदन व बिरदोपुर वार्ड
- 21 सितंबर : भेलूपुर व दुगार्कुंड वार्ड
- 22 सितंबर : नारियाँ व जोल्हा उत्तरी वार्ड

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

महापौर अध्यक्षता में हुई इस उच्चस्तरीय बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, पार्षद मदन मोहन तिवारी, विजय द्विवेदी, अतुल पांडेय, रविंद्र कुमार सिंह, जलकल के महाप्रबंधक अनूप सिंह, ओपी सिंह तथा जल निगम के अधिशासी अभियंता कमल सिंह व बृजेश मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## लंपी वायरस से बचाव को 500 मवेशियों को लगा टीका

**बाबतपुर/वाराणसी।** क्षेत्र में पशुओं को घातक लंपी स्किन रोग से सुरक्षित रखने के लिए पशुपालन विभाग ने व्यापक टीकाकरण अभियान की शुरूआत की है। अभियान के तहत बड़ागांव विकासखंड मुख्यालय स्थित पशु अस्पताल की चिकित्सीय टीम ने ग्राम पचरासी और करमपुर में घर-घर पशुपालकों के यहां जाकर लगभग 500 मवेशियों का टीकाकरण किया। इस दौरान बीमार पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं। अभियान का नेतृत्व पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष सिंह और 1962 एंबुलेंस सेवा के चिकित्सक डॉ. सूरज वर्मा, पशुधन प्रसार अधिकारी विजय कुमार, सेवानिवृत्ति फार्मासिस्ट आर पी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। चिकित्सकों की टीम ने घर-घर जाकर स्वस्थ गोवंश को टीके लगाए और पशुपालकों को इस संक्रामक बीमारी के प्रति जागरूक किया। डॉ. आशीष सिंह ने गांव में जगह-जगह एकत्र पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि लंपी एक बेहद संक्रामक और जानलेवा विषाणुजनित बीमारी है। यदि समय रहते इसका उपचार और बचाव न किया जाए, तो पशुपालकों को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि संक्रमित पशु को पूरी तरह स्वस्थ होने में लगभग एक माह का समय लगता है, जिससे देखभाल व इलाज का खर्च बढ़ जाता है।

## जल निकासी व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड पर रहें अधिकारीः नगर विकास मंत्री

**सख्त निर्देश**

- बोले एके शर्मा- जलभराव की समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की सख्ती के बाद वाराणसी में जल निकासी व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता पवन कुमार गुप्ता को निलंबित किए जाने के बाद मंत्री ने प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को लेकर अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था में किसी भी स्तर पर शिथिलता आमजन के लिए परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए अधिकारी पहले से तैयार रहें और संवेदनशील क्षेत्रों में तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मंत्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाराणसी सहित प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में जल निकासी व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र को चिन्हित कर वहां नालों, सीवर लाइनों और पम्पिंग स्टेशनों की स्थिति की पहले से समीक्षा की जाए। जहां कहीं भी जल निकासी की व्यवस्था में कमी दिखाई दे, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्या उत्पन्न होने का इंतजार न करें, बल्कि संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में पहले से आवश्यक तैयारियां पूरी रखें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही के लिए कोई स्थान नहीं है। शासन द्वारा अधिकारियों को पर्याप्त संसाधन और आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ऐसे में कार्यों के क्रियान्वयन में लापरवाही अथवा उच्चाधिकारियों के निदेर्शों की अनदेखी किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर, सुगम और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जनता की समस्याओं पर कब जागेगा नगर निगम प्रशासन?



**वाराणसी।** शहर की ध्वस्त सफाई व्यवस्था, जर्जर सीवर, बदहाल एवं क्षतिग्रस्त सड़कें और बुझी स्ट्रीट लाइटें आज भी जनता की परेशानी का कारण बनी हुई हैं। जनहित में नगर निगम वाराणसी को दस दिन का अल्टीमेटम दिया गया। समय सीमा पूरी होने के बाद रिमाइंडर भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद जनसमस्याओं के समाधान के लिए अपेक्षित कार्य शुरू नहीं किए गए। उक्त आरोप समाजसेवी अविनाश मिश्र ने स्थानीय प्रशासन पर लगाए। उन्होंने अनिश्चितकालीन धरना नगर निगम वाराणसी की उदासीनता एवं अकर्मण्यता के खिलाफ किया। उनकी माँग है कि, सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए। सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जाए। जर्जर सीवर व्यवस्था का स्थायी समाधान किया जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाए। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराया जाए। जनता की समस्याओं पर नगर निगम तत्काल कार्रवाई करे।

## जल निकासी की व्यवस्था को समय रहते करें दुरुस्तः महापौर

**जायजा**

- महमूरगंज के बिरदोपुर में मेयर ने किया नाले का निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



शहर में जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ने और सख्त रुख अपनाया है । इस क्रम में मंगलवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने महमूरगंज स्थित बिरदोपुर क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर नाला सफाई, जल निकासी और समग्र स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। ?निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए क्षेत्रवासियों को जलजमाव का सामना न करना पड़े। सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था को समय रहते दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। ?महापौर ने कहा, "शहर की सफाई और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में आम जनता का सहयोग भी बेहद महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान निगम एवं जलकल विभाग के उच्च अधिकारी और क्षेत्रीय पार्षद भी उपस्थित रहे। अधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया है।

## चढ़ावा चोरी लूट के खिलाफ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

**वाराणसी।** अयोध्या धाम स्थित राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए जाने वाले चढ़ावे में चोरी अनियमितताओं एवं लूट के खिलाफ महानगर कांग्रेस कमेटी, वाराणसी द्वारा आयोजित पूर्व निर्धारित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ की दसवीं कड़ी मंगलवार को भदऊं चुंगी चौराहे के समीप पेट्रोल पंप के पास स्थित प्राचीन हनुमान जी के मंदिर परिसर में संपन्न हुई।कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान भगवान हनुमान से देश एवं समाज के कल्याण, सत्य की विजय, जनभावनाओं के सम्मान तथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की शक्ति की प्रार्थना की गई। सामूहिक पाठ के माध्यम से कांग्रेसजनों ने धार्मिक आस्था से जुड़े संस्थानों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया गया। महानगर कांग्रेस कमेटी वाराणसी के अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने कहा कि, भगवान श्रीराम और हनुमान जी करोड़ों लोगों की आस्था, श्रद्धा और विश्वास के केंद्र हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा विषय है।

## काशी के बुनकर ने बनारसी साड़ी पर उकेरी पीएम के मां की तस्वीर

**खास तोहफा**

- उपहार देने के लिए बनाई, मशीन का इस्तेमाल नहीं, 25 हजार कीमत

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



बुनकर सर्वेश श्रीवास्तव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर उन्हें खास तोहफा देना चाहते हैं। उन्होंने बनारसी कपड़े पर पीएम मोदी और उनकी मां की तस्वीर उकेरकर वॉल हैंगिंग (दीवार सजाने वाली कलाकृति) तैयार कराई है। इसमें प्रधानमंत्री अपनी मां से आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इसे बनाने में किसी मशीन का इस्तेमाल नहीं हुआ है। वॉल हैंगिंग को काशी की पारंपरिक उचंत कला से बनाया है। इसमें करीब डेढ़ महीने का समय लगा है। इसकी कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। सर्वेश बताते हैं कि उचंत कला काशी की पारंपरिक बुनकारी से जुड़ी तकनीक है। इसमें मशीन या जकार्ड का इस्तेमाल नहीं किया जाता। डिजाइन को हाथ से बुनाई के जरिए कपड़े पर उकेरा जाता है। सर्वेश के मुताबिक, काशी में हाथ से बुनाई की यह परंपरा सदियों पुरानी है। इसका संबंध रामायण काल से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि हैंडलूम विभाग के पुराने इतिहास में माता सीता के काशी आने और यहां के सूती वस्त्र पहनने का उल्लेख मिलता है। सर्वेश का यह भी कहना है कि काशी की बुनकारी का संबंध भगवान बुद्ध से भी रहा है। बुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण अवसरों पर काशी से कपड़ा भेजे जाने का उल्लेख मिलता है। काश्यम फाउंडेशन के फाउंडर सर्वेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर हर कोई अपने तरीके से तैयारी कर रहा है। उन्होंने भी इस बार कुछ अलग करने का फैसला किया। अपनी डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा के साथ

## प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में 17 रेल कर्मचारियों ने लिया हिस्सा

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में राजभाषा पखवाड़ा-2026 के तहत हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश तथा वरिष्ठ मंडल आंकड़ा एवं संसाधन प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में राजभाषा विभाग द्वारा हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित भारतेंदु सभा कक्ष में कर्मचारी वर्ग के लिए हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल के विभिन्न विभागों एवं स्टेशनों से आए कुल 17 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य रेल कर्मचारियों में राजभाषा हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने तथा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रभावी एवं सहज प्रयोग को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को 23 सितम्बर 2026 को आयोजित राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

# वाराणसी-नई दिल्ली के बीच स्लीपर वंदे भारत की तैयारी

**सौगात**

- त्योहारी सीजन से पूर्व ही ट्रेन को पटरी पर उतारने की संभावना

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और देश की राजधानी दिल्ली के बीच की दूरी अब और समटने वाली है।रेलवे बोर्ड वाराणसी जंक्शन (कैंट) से नई दिल्ली के बीच स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारियों को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। त्योहारों के मौसम से ठीक पहले इस ट्रेन की सौगात मिलने से पूर्वांचल के लोगों के लिए दिल्ली का सफर न सिर्फ आरामदायक बल्कि बेहद खास होने वाला है। रेल सूत्रों के अनुसार, रेलवे के पास स्लीपर वंदे भारत के दो रैक उपलब्ध हैं। इनमें से एक रैक को पहले बनारस रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली के बीच चलाने की योजना थी और इसके लिए फिजिबिलिटी भी मांगी गई थी, लेकिन बनारस स्टेशन पर ट्रेन के रखरखाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण अब वाराणसी जंक्शन को संचालन के लिए तैयार किया जा रहा है। वाराणसी के आसपास मौजूद मेंटेनेंस सुविधाओं को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने यहां से ट्रेन चलाने की योजना बनाई है। इस ट्रेन के संचालन को लेकर रेलवे के अधिकारियों ने फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी उपलब्ध होने से इनकार किया है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से फिजिबिलिटी मांगे जाने की बात स्वीकार किए जाने की जानकारी सामने आई है।उम्मीद है कि त्योहारी सीजन से पहले ट्रेन का संचालन शुरू हो सकता है। ऐसा होने पर दशहरा और दीपावली के दौरान वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों को सफर के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिल सकेगा। वाराणसी और बनारस स्टेशन से पहले ही कई प्रमुख ट्रेनों का संचालन हो रहा है। बनारस से काशी विश्वनाथ, शिवगंगा और बनारस-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस चलती हैं, जबकि वाराणसी जंक्शन से दो वंदे भारत एक्सप्रेस संचालित हो रही हैं।

**शहर की सीवर लाइनों में बालू के बोरी, निर्माण सामग्री मिलने के मामले पर सियासत शुरू**

# विपक्ष ने भाजपा को घेरा, मजिस्ट्रेट जांच की मांग

**राजनीति**

- सपा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



शहर के अलग-अलग इलाकों में सीवर लाइनों की सफाई के दौरान बालू की बोरियां, सीमेंट, पत्थर, लकड़ी का बुरादा और अन्य निर्माण सामग्री मिलने के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। समाजवादी पार्टी ने इसे गंभीर मामला बताते हुए पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रेट जांच कराने की मांग की है। पार्टी ने घटना से जुड़े क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज तत्काल सुरक्षित कराने और उनकी जांच के आधार पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सपा की ओर से जिला प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सीवर लाइनों के भीतर बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री का मिलना सामान्य रूप से सीवर जाम होने की घटना नहीं माना जा सकता। पार्टी ने आशंका जताई कि इसके पीछे किसी की लापरवाही, मिलीभगत या सुनियोजित तरीके से सीवर व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश हो सकती है। ऐसे में मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच जरूरी है। सपा ने मांग की कि जिन क्षेत्रों की सीवर लाइनों से बालू, सीमेंट और अन्य सामग्री बरामद हुई है, वहां लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तत्काल सुरक्षित कराई जाए। फुटेज के माध्यम से यह पता लगाने की कोशिश हो कि सीवर में सामग्री कब, किसके द्वारा और किस उद्देश्य से डाली गई। पार्टी ने कहा कि फुटेज उपलब्ध रहने से जांच को महत्वपूर्ण साक्ष्य मिल सकते हैं। ज्ञापन में नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही सीवर सफाई एवं निर्माण कार्यों से जुड़े ठेकेदारों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की गई है। सपा ने सीवर सफाई, रखरखाव और निर्माण कार्यों में संभावित भ्रष्टाचार, लापरवाही अथवा मिलीभगत के बिंदु पर भी जांच की मांग उठाई।

### भाजपा वाले सीवर में डलवा रहे बोरियां: अजय राय



शहर की सीवर लाइनों में बोरी और निर्माण सामग्री मिलने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में बदल गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस मामले को लेकर भाजपा और नगर निगम पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर नगर निगम को यह कैसे पता चला कि सीवर में बोरी किसने डाली है। उन्होंने पूरे मामले की जांच सीसीटीवी और आधुनिक तकनीक के माध्यम से कराने की मांग की। अजय राय ने आरोप लगाया कि शहर में सीवर व्यवस्था की बदहाली और जलभराव की समस्या से लोगों का ध्यान हटाने के लिए भाजपा की ओर से नया विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि ॾबनारस में अपनी नाकामी को छिपाने के लिए सीवर में भाजपा बोरी डलवा रही है ॾ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि सीवर में बोरी डाली गई है तो इसकी सच्चाई सामने आनी चाहिए और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

# यूपी राज्य बैडमिन्टन प्रतियोगिता में बनारस के खिलाड़ियों का दबदबा

**उपलब्धि**

- 65+ आयु वर्ग में वाराणसी के आरएन सरकार ने पुरुष एकल युगल और मिश्रित वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



12 से 14 सितम्बर तक गाजियाबाद में आयोजित योनेक्स सनराइज उप्र० स्टेट मास्टर्स रैंकिंग बैडमिन्टन प्रतियोगिता मे वाराणसी के मास्टर्स बैडमिन्टन खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिता मे चार स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक, दो कांस्य पदक कुल 9 पदक अर्जित की। वाराणसी के मास्टर्स खिलाड़ियों गए जीते गये पदों में पुरुष एकल, पुरुष युगल व मिश्रित युगल (65+ आयु वर्ग) में वाराणसी के आरएन सरकार (बाला) ने तिहरा खिताब(तीन स्वर्ण पदक) की उपाधि अर्जित की। महिला एकल (50+ आयु) में नीलम सिंह वाराणसी को रजत पदक, महिला युगल (50% आयु) में नीलम सिंह (वाराणसी) व कल्पना सिंह (लखनऊ) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी तरह पुरुष एकल (55+ आयु) में डा० राजीव कुमार सिंह ने कांस्य पदक अर्पित किया। पुरुष एकल (60+ आयु) में वीरेन्द्र कुमार सिंह (वाराणसी) को मृदुल बतरा (बरेली) ने 10-21, 10-21 पराजित किया और कांस्य पदक प्राप्त की। पुरुष एकल (60+ आयु) में सुरेन्द्र कुमार मिश्र (वाराणसी) को मृदुल बतरा (बरेली) ने 17-21, 17-21 से फाइनल में पराजित होकर - रजत पदक अर्जित कीया। पुरुष युगल (60+आयु) में एके मिश्रा (वाराणसी) और त्यागी (गाजियाबाद) फाइनल में परामित हो कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को जिला बैडमिंटन संघ बनारस के पदाधिकारियों ने बधाई दी।